CMYK

हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...

वर्ष: 14, अंक: 61 पृष्ठ :8

www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, सोमवार 19 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50



## संक्षिप्त समाचार

### बालाघाट में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में 12 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के बालाघाट में रविवार को पुलिस ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। स्क्व विजय डाबर ने बताया कि यह मुठभेड़ जिले के मलाजखंड थाना के अंतर्गत ग्राम हराटोला के जुगल में हुई है। पुलिस को अभी एक नक्सली का शव मिला है। इसमें और भी नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। घायल नक्सलियों की तलाश जंगल में की जा रही है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली का नाम रूपेश है। इस नक्सली पर 12 लाख रुपए का इनाम था। भारत की सरगम कौशल ने मिसेज वर्ल्ड 2022 का खिताब जीत लिया है। अमेरिका के लॉस वेगस में आयोजित इस मुकाबले में उन्होंने 63 देशों की सुंदरियों को पीछे छोड़ दिया। देश को यह खिताब 21 साल बाद मिला है। इसके पहले 2001 में भारत की अदिति गोवित्रिकर ने यह खिताब जीता था। सरगम कौशल जम्मू-कश्मीर से आती हैं। सरगम खुद टीचर रही हैं और उन्होंने लिटरेचर में पीजी किया हुआ है।

### पत्नी का अखिलेश के नाम खत, कहा- पुलिस ने पति को मार डाला

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात में पुलिस की बर्बरता का शिकार हुए व्यापारी बलवंत सिंह की पत्नी शालिनी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मदद की गुहार लगाई है। इसके लिए शालिनी ने उन्हें पत्र भेज बड़ा भाई बताते हुए बहन की मदद की बात लिखी है। वहीं, अब अखिलेश सोमवार को घर पहुंच रहे हैं। शिवली के लालपुर सरैंया निवासी बलवंत सिंह की पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। बलवंत की पत्नी शालिनी ने अखिलेश यादव के नाम एक पत्र लिखा है। पत्र में शालिनी ने लिखा है कि मैं बलवंत की पत्नी शालिनी आपसे हाथ जोड़कर निवेदन करती हूं कि मेरे पति को पुलिस हिरासत में मार दिया गया। अब आप को मुझे इंसाफ दिलाने के मेरे घर आना होगा। मेरे पति की मौत के मामले में मुझे न्याय दिलाने के लिए मेरे साथ खड़े हों। मैं आपकी आभारी रहूंगी। इसके बाद आपकी छोटी बहन शालिनी लिखकर पत्र को खत्म किया है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बहन की गुहार को गंभीरता से लिया है। वह सोमवार को उसके घर आ रहे हैं।

### सीएम सुक्खू बोले- हिमाचल कांग्रेस में अंदरूनी कलह नहीं, संघर्ष मुख्यमंत्री पद के लिए था

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के भीतर कोई अंतर्कलह नहीं है और संघर्ष केवल मुख्यमंत्री पद के लिए था क्योंकि तीन से चार दावेदार थे। अगर कुछ गलत होता तो प्रदेश में राजस्थान जैसी स्थिति होती। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य में कांग्रेस का कोई भी विधायक भाजपा में नहीं जाएगा और पार्टी की सरकार लोगों के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस पहली कैबिनेट बैठक में सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के वादे को पूरा करेगी। समाचार एजेंसी पीटीआई के साथ एक विशेष साक्षात्कार में सुक्खू ने कहा कि हमने वित्त सचिव से बात की है। एक रणनीति के तहत हम जानते हैं कि हमें कहां से पैसा लाना है और कहां निवेश करना है। पुरानी पेंशन योजना शुरू करने पर काम किया है।

# नॉर्थ ईस्ट में चलेगा रेड कार्ड वाला फैक्टर! बॉर्डर की सुरक्षा का जिक्र कर मजबूत किया सियासी मैदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्थ ईस्ट में रविवार को ऐसा कार्ड चला जो कि अगले कुछ महीनों में होने वाले वहां के चुनावों की दशा और दिशा को तय करेगा। पीएम मोदी ने रविवार को मेघालय और त्रिपुरा के कार्यक्रमों से रेड कार्ड का जिक्र करके पूरे नार्थ ईस्ट में अभी तक के हुए डेवलपमेंट को एक बड़ा मुद्दा बना दिया। इसके अलावा बॉर्डर पर की जाने वाली विकास की योजनाओं का जिक्र करके नार्थ ईस्ट के लोगों में न सिर्फ भरोसा पैदा किया बल्कि सियासी जमीन पर माहौल भी बना दिया। पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि रेड कार्ड मेघालय, त्रिपुरा, नगालैंड के चुनावों में सबसे बड़ा मुद्दा बनने वाला है। पीएम मोदी नॉर्थ ईस्ट दौरे के दौरानी ही तय हुआ कि अगले कुछ महीनों के भीतर भारतीय जनता पार्टी अपनी सरकार के किए गए विकास कार्यों का तो ब्योरा तो जनता के सामने रखेगी ही बल्कि पुरानी सरकारों ने जिस तरीके से विकास के काम में रोड़ा अटकाया और उनको %रेड कार्ड% से बाहर किए जाने का

**●नार्थ ईस्ट में अभी तक के हुए डेवलपमेंट को एक बड़ा मुद्दा बना दिया**

**●रेड कार्ड मेघालय, त्रिपुरा, नगालैंड के चुनावों में सबसे बड़ा मुद्दा बनने वाला है**

भी पूरा सिजरा भी सामने रखा जाएगा। मार्च में मेघालय त्रिपुरा और नगालैंड सरकार के पांच साल पूरे हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से रविवार को हजारों करोड़ रुपए की योजनाओं से त्रिपुरा और मेघालय के डेवलपमेंट का खाका खींचा है उससे वहां का विकास तो दिख ही रहा है, जबकि अगले कुछ सालों में और नई योजनाओं के साथ बड़ा डेवलपमेंट स्ट्रक्चर तैयार होगा। पार्टी से जुड़े और नॉर्थ ईस्ट में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी निभाने वाले एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि उनकी पार्टी लगातार नॉर्थ ईस्ट में काम तो कर ही रही है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के रविवार को हुए दौरे



से संगठनात्मक स्तर पर बहुत मजबूती मिलेगी।

वे कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से %रेड कार्ड% का जिक्र किया, वह नॉर्थ ईस्ट में बड़ा जादू बिखेरेगा। भारतीय जनता पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि उनकी पार्टी की सबसे मजबूत कड़ी बूथ स्तर पर बनाया गया नेटवर्क है और इसी नेटवर्क के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी अब रेड कार्ड दिखाकर बाहर किए जाने वाले नेताओं और पार्टियों की पूरी कहानी नार्थ ईस्ट के लोगों के बीच रखेगी।

भारतीय जनता पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता बताते हैं कि भारतीय को लेकर पुरानी सरकारों का रवैया दुभांतिपूर्ण रहा था। यही वजह है कि नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट देश के अन्य हिस्सों की तुलना में कुछ भी नहीं हुआ। जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से न सिर्फ केंद्र के मंत्रियों का नॉर्थ ईस्ट और खासतौर से सीमा से लगे राज्यों में दौरा बढ़ने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अब तक 50 बार से ज्यादा इस इलाके में लोगों से रूबरू हुए हैं और डेवलपमेंट का पूरा रोड में तैयार करके बड़ी बड़ी योजनाओं को यहां पर शुरू किया है और शिलान्यास किया है। पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रविवार को हुए मेघालय और त्रिपुरा के कार्यक्रमों के बाद अब चुनावी रणनीतियों में धार दी जानी शुरू हो जाएगी। वह कहते हैं कि चुनावी माहौल हो या ना हो भारतीय जनता पार्टी लगातार नॉर्थ ईस्ट के डेवलपमेंट के लिए प्रयासरत रहती है। यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के नुमाइंदे लगातार विजिट भी कर रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से नॉर्थ ईस्ट में चुनावी राज्यों में रणनीति बनाने वाली टीम के वरिष्ठ नेता बताते हैं कि अगले कुछ दिनों में केंद्र के कई मंत्रियों का नॉर्थ ईस्ट में दौरा लग रहा है। इन मंत्रियों के विभाग की ओर से किए जाने वाले विकास कार्यों को जनता के समक्ष रखा भी जाएगा। इसके अलावा कई अन्य बड़ी योजनाओं बात भी की जाएगी और कई परियोजनाओं का शुभारंभ भी किया जाना है। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी जल्द ही नार्थ ईस्ट में बड़ी चुनावी रैलियां और कैंपेन को भी लॉन्च करने वाली है। दरअसल, तवांग में भारत और चीनी सेना की बीच हुई झड़पों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नार्थ ईस्ट में रविवार का दौरा बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी ने माध्यमिक शिक्षा में चयनित 1395 अध्यापकों को बांटे नियुक्ति पत्र



संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोक भवन में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में नवनियुक्त एक हजार 395 सहायक अध्यापकों एवं प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि प्रदेश का युवा निष्पक्ष चयन प्रक्रिया के तहत नियुक्त होकर सेवा के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। यह सभी शिक्षक लोक सेवा आयोग की ओर से चयनित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उप्र की किसी भी भर्ती में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का आरोप नहीं लगा सकता है। 2017 के पहले भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं था। भर्ती निकलते ही पूरा परिवार वसूली के लिए निकल पड़ता था। अगर अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई तो भर्ती प्रक्रिया में भी हमने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। आज निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के तहत युवाओं का चयन हो रहा है। चयन के बाद नियुक्ति पत्र मिल रहा है। ऐसी पारदर्शी व्यवस्था अपनाई गयी है कि विभागीय प्रमुख सचिव को भी यह नहीं पता है कि किस अध्यापक को कौन सा विद्यालय मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े पांच सालों के दौरान भर्ती प्रक्रिया को मिशन रोजगार के तहत आगे बढ़ाया गया है। इसीलिए पांच लाख से अधिक नौकरी दी गयी। बेहतर कानून व्यवस्था देने की वजह से निवेश आया। युवाओं को रोजगार मिला। तमाम बाधाओं को दूर करते हुए 60 लाख से अधिक युवाओं को स्वतः रोजगार से जोड़ने में सफल हुए हैं।

# भारत के विकास पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा

## चीन और अमेरिका के अनुकरण करने से नहीं होगी असल तरक्की

एजेंसी

**मुंबई।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में को संबोधित किया। संबोधन के दौरान उन्होंने भारत के विकास पर बोलते हुए कहा कि भारत की दृष्टि, लोगों की परिस्थिति, संस्कार, संस्कृति, विश्व के बारे में विचार, इन सभी के आधार पर भारत का विकास होगा। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, मोहन भागवत ने आगे यह भी कहा कि अगर दुनिया से हमारे देश को सीखने की जरुरत है, हम जरूर सिखेंगे,लेकिन हम अपने मौलिक सिद्धांतों और विचारों पर टिके रहेंगे।



मोहन भागवत ने धर्म को लेकर कहा कि जो धर्म मनुष्य को सुविधा संपन्न और सुखासीन बनाता है मगर प्रकृति को नष्ट करता है, वो धर्म नहीं है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि अगर भारत, अमेरिका और चीन का अनुकरण करते हुए आगे बढ़ेगा तो यह भारत का विकास नहीं है। गौरतलब है कि मोहन भागवत के अनुसार भारत को अपने मौलिक सिद्धांतों पर टिके रहने की जरूरत है।

### भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने महाराष्ट्र के राज्यपाल से की मुलाकात

**मुंबई।** राज्यसभा के पूर्व सदस्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने रविवार को यहां राजभवन में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की। राजभवन ने एक बयान में कहा कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी। इस मुलाकात से एक दिन पहले विपक्षी महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के घटक दलों और अन्य दलों ने छत्रपति शिवाजी महाराज तथा समाज सुधारक महात्मा फुले एवं सावित्रिबाई फुले का 'अपमानश् करने को लेकर कोश्यारी को पद से हटाने की मांग करते हुए एकनाथ शिंदे-भाजपा सरकार के खिलाफ मुंबई में 'हल्ला बोलश् मार्च निकाला था। एमवीए में शिवसेना (उद्धव ठाकरे समूह), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल है। यह बैठक इसलिए मायने रखती है कि स्वामी ने पहले सोलापुर जिले की मंदिर नगरी पंढरपुर में एक गलियारा (कॉरिडोर) बनाने की महाराष्ट्र सरकार की योजना का कथित रूप से विरोध किया था।

# नए साल में 6 जनवरी को मिलेगा दिल्ली का पहला मेयर

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले सप्ताह में 6 जनवरी को दिल्ली को नए संयुक्त नगर निगम का पहला मेयर मिल जाएगा। नगर निगम के नियमों के मुताबिक, पहली मेयर एक महिला होंगी जिनका चुनाव बहुमत के माध्यम से नवनियुक्त पार्षद करेंगे। इसके पहले दो जनवरी तक मेयर पद हेतु नामांकन किया जा सकेगा। चूंकि, चुनाव के अंतिम दिन तक नामांकन वापस लिए जाने की सुविधा दी जाती है, इसलिए नए मेयर का चेहरा 6 जनवरी को ही तय हो पाएगा।

नगर निगम के मामलों के विशेषज्ञ जगदीश ममगाईं ने अमर उजाला को बताया कि अब मेयर का कार्यकाल जनवरी से दिसंबर तक का हुआ करेगा। मेयर का चुनाव एक साल के लिए होता है, लिहाजा हर साल के पहले महीने यानी जनवरी में दिल्ली को नया मेयर मिल जाया करेगा। अभी तक दिल्ली के मेयर का कार्यकाल अप्रैल से मार्च तक का होता आया था, लेकिन नगर निगम के पुनर्सीमन में चुनाव में



देरी होने के कारण इसमें पहली बार बदलाव आया है।

नियमों के मुताबिक, नगर निगम का चुनाव पांच साल के लिए होता है। विधानसभा या लोकसभा चुनाव के बाद यह नियम होता है कि राज्यपाल या राष्ट्रपति सबसे ज्यादा सीटों वाले राजनीतिक दल को मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री पद पर दावा करने यानी सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करते हैं। नगर निगम में ऐसा कोई नियम लागू नहीं होता। यहां मेयर का चुनाव बहुमत के द्वारा किया जाता है। सभी नवनियुक्त पार्षद अपने बीच से मेयर का चुनाव बहुमत के द्वारा करते हैं। ऐसे में किसी छोटे दल का पार्षद या स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर जीतकर आया पार्षद भी मेयर पद पर दावेदारी करने के योग्य होता है।

इस साल के चार दिसंबर को दिल्ली नगर निगम के लिए मतदान हुआ था। सात दिसंबर को इसके परिणामों की घोषणा की गई थी। सभी नवनियुक्त पार्षदों की सूचना चुनाव आयोग के द्वारा नौ दिसंबर को केंद्र सरकार के पास भेजी गई थी। 15 दिसंबर तक दिल्ली में चुनाव आचार संहिता लागू की गई थी, लेकिन चुनाव और मतगणना संपन्न होने के बाद 12 दिसंबर को इसे वापस ले लिया गया। अब मेयर पद के लिए 6 जनवरी को मतदान होगा और उसी दिन परिणाम सामने आ जाएंगे। चूंकि, भाजपा ने मेयर पद पर चुनाव लड़ने की कोई इच्छा नहीं जताई है, माना जा रहा है कि इस बार मेयर का चुनाव बिना मतदान के ही निर्विरोध संपन्न हो सकता है।

# राहुल गांधी ने सरकार के 4 साल की प्रदर्शनी देखी

एजेंसी

**दौसा।** दौसा जिले के भांडारेज में एक दिन के यात्रा विराम के बाद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा रविवार को सिकराय विधानसभा क्षेत्र के कालाखोह से सुबह 8 बजे रवाना हुई। 21 फीट की मेहंदीपुर बालाजी की झांकी के दर्शन किए, जहां 51 पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार भी किया। इसके बाद सिकंदरा के लिए रवाना हुए।

यात्रा के 101वे दिन राहुल गांधी के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा व महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश समेत बड़ी तादात में लोग साथ चले।

**●स्वागत करने उमड़ा जनसैलाब, कोलाना में होगा नाइट स्टे**

भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर राहुल गांधी जयपुर में



आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे, इसके बाद वे दिल्ली चले गए थे। शनिवार को यात्रा का विराम दिवस रहा, ऐसे में राहुल गांधी रविवार सुबह स्पेशल प्लेन से जयपुर पहुंचे, जहां से हेलीकॉप्टर से अलसुबह दौसा पहुंचकर यात्रा में शामिल हुए। पीसीसी प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि यात्रा जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे 21 से गुजरते हुए सिकन्दरा चौराहे से बांदीकुई रोड के लिए टर्न करेगी। इसके बाद सिकंदरा पुलिस थाने के पास पहुंचकर लंच ब्रेक करेगी।

# सैनिकों का मनोबल गिराने वाली है अग्निवीर योजना : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि अग्निवीर योजना के माध्यम से सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल रही है और सैनिकों का मनोबल गिरा रही है। श्री खड़गे ने कहा कि अग्निवीर योजना लाकर सरकार सेना में कटौती कर रही है और इससे अगले 10 वर्षों तक सेना में भर्ती नहीं होगी। सेना में सिपाही पद पर भर्ती नहीं होना सेना के मनोबल पर प्रहार है। उन्होंने ट्वीट किया, ÷मोदी सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया -अग्निवीर को सेना के सिपाही को सलाम करना होगा। अगले 10 वर्षों के भीतर सेना में सिपाही के पद पर सीधी भर्ती नहीं होगी। केवल 4 वर्षों के लिए अग्निवीरों की भर्ती होगी।

## राजनैतिक भागीदारी को तैयार राष्ट्रीय किसान मंच, अब तक हर सरकार ने किया किसानों का शोषण: पं. शेखर दीक्षित

# किसान सरकार से सवाल पूछे, खजाने से मांगे अपना हक : संजय सिंह

संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय किसान मंच के अधिवेशन में सर्व सम्मति से राजनैतिक भागीदारी का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय पर सर्व सम्मति से अधिवेशन में उमड़े भारी संख्या में पहुंचे किसानों ने अपनी सहमति दर्ज कराई है। रवीन्द्रालय में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पं. शेखर दीक्षित एवं संचालन महासचिव ओपी यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद आम आदमी पार्टी संजय सिंह ने कहा कि वर्तमान में केन्द्र में जो सरकार

**निर्णय पर सर्व सम्मति से अधिवेशन में उमड़े भारी संख्या में पहुंचे किसानों ने अपनी सहमति दर्ज कराई**

विद्यमान है उसने हर संवर्ग के साथ विश्वास घात किया है। किसान, बेरोजगार, मजदूर, नौकरीपेशा सभी वर्ग के लोग इस सरकार से परेशान है। सरकार के लोग अगर भ्रष्टाचार करते रहेगें तो हमे उनकी सफाई करने के लिए आगे होना चाहिए। सड़क और सांसद को जिन्दा रखना होगा। अब समय आ गया कि किसान सरकार से सवाल पूछे, खजाने से



अपना हक मांगे। प्रतिदिन 16 दिन किसानों को देकर केन्द्र सरकार ढ़िढोरा पीट रहा है। किसानों के आन्दोलन के दौरान किसानों के दमन के खिलाफ मेरे द्वारा सदन में माईक तोड़े जाने का काफी विरोध हुआ लेकिन मै सदन में गूगा बनकर नही बैठ सकता अगर किसान की हड्डी तोड़ी जाएगी तो मै सदन की मेज और माईक तोड़कर विरोध दर्ज कराऊगा। सरकार किसानों के खिलाफ बिल ला रही था वह काला कानून किसानों की खेती पर कब्जा करने की साजिश थी। एमएसपी पर खरीद कम की जा रही है जो आगे भी जारी रहेगी। प्रधानमंत्री जी जब मुख्यमंत्री थे तब वे स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने का दावा करते थे लेकिन प्रधानमंत्री बनने के बाद उसे भूल गए। जबकि आज स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कराने किसानों को सड़क पर उतरना चाहिए। मै आपकों, किसान मंच को विश्वास दिलाता हूँ कि आम आदमी पार्टी आपके साथ है। आम आदमी सरकार रेवड़ी नहीी बॉट रही बल्कि केन्द्र की वित्त मंत्री ने सदन में स्वीकारा कि साढ़े लाख करोड़ बट्टे खाते में डाल दिया गया। यह पैसा मजदूर, किसान, कर्मचारी और आदमी का पैसा अपने पूजीपति मित्रों को बॉट दिया। यह पैसा किसका माफ किया गया उनका नाम बताने को तैयार है।

अधिवेशन की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय किसान मंच के अध्यक्ष पं. शेखर दीक्षित ने कहा कि किसानों की ताकत का अन्दाजा शायद अभी केन्द्र सरकार नही लगा पा रही है। लेकिन अब समय आ गया कि किसान अपनी ताकत का आभास सरकार को करा दे। आज आरक्षण की राजनीति सब करना चाहते है लेकिन जिसने आरक्षण को पैदा किया उसकी कोई बॉत नही करना चाहिए। कांग्रेस पीछे जा रही है। भाजपा को भी समय दिया गया लेकिन वह पूंजीपति की गोद में बैठ गए। ऐसे में अगर राष्ट्री ीय किसान मंच आम आदमी पार्टी को देख रहा है। आम आदमी पार्टी के बारें में कांग्रेस भाजपा कुछ भी सोचे लेकिन आप चल रही है, इतने कम समय में वह राष्ट्रीय पार्टी बन गई राजनीति में खाली जगह को भरने का काम आम आदमी पार्टी भरने का काम किया है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### एक साथ तीन घर में हुई चोरी,घर की कुंडी काटकर चोरों ने घटना को दिया अंजाम

**गोण्डा।** ठंडी का मौसम जैसे-जैसे बढ़ रहा है क्षेत्र में वैसे वैसे चोरी की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। जिसने लोगों के लिए मुसीबत तो खड़ी है कि वही पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े करने शुरू कर दिए। चोरी की हुई घटना का ताजा मामला कर्नलगंज थाना क्षेत्र के दत्तनगर गांव में देखने को मिला। जहां चोरों ने एक ही रात में तीन घरों में चोरी की घटना को अंजाम देकर गांव में हड़कंप मचा दिया। वहीं पुलिस के लिए भी एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। गांव में हुई चोरी की घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस चोरी की घटना में गंभीरता से कार्रवाई नहीं कर रही जो पूरे गांव के लिए एक बड़ी समस्या का विषय है। पहली घटना गांव के निवासी पदमाकर मिश्रा के घर पर घटी। ये परिवार अधिकतर लखनऊ स्थित मकान पर रहता है। यहां चोरों ने मुख्य द्वार पर लगे शटर की कुण्डी काटकर अन्य कमरों के ताले तोड़ दिये। घर में लगे इनवर्टर का बैटरा व आलमारियों से सामान चोरी कर लिया। घर के मालिक के मौजूद न होने से चोरी गये सामानों की पूरी जानकारी नहीं मिल सकी। दूसरी घटना गांव के ही रमाशंकर मिश्रा के घर घटी यहां चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़ कर अन्दर प्रवेश किया। यहां भी चोरों ने जमकर उत्पात किया। इनका परिवार भी दिल्ली में रहकर काम धंधा करता है। यहां भी चोरी गये सामानों की सही जानकारी नहीं मिल सकी। पड़ोसियों ने बताया कि कुछ माह पहले ही इसी घर को चोरों ने निशाना बनाया था तब काफी नुकासान हुआ था। तीसरी घटना गांव के ही निवासी सुदामा के घर पर घटी इनका परिवार घर में ही सोया हुआ था। इनके यहां चोरों ने कमरों के ताले व कुण्डे तोड़कर वर्तन, गगरा, थारा, लोटा, टार्च सहित कुछ रूपये नकद व जरूरी सामान उठा ले गये।

### जमीनी विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष

**गोण्डा।** करनैलगंज क्षेत्र में बढ़ रहे जमीनी विवाद आए दिन खूनी संघर्ष में तब्दील होते जा रहे हैं, जिसमें न जाने कितने लोग बुरी तरह घायल हो चुके हैं। लेकिन उसके बाद भी पुलिस व प्रशासन इस तरह हो रही घटनाओं को पूरी तरह रोक नहीं पा रही है। जिसका नजारा कर्नलगंज क्षेत्र के कंजेमऊ गांव में देखने को मिला। जहां पुरानी रंजिश में हुए जमीनी विवाद के चलते हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। जिसके बाद दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे बरसने लगे। जमीनी विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी लाठी डंडे व ईट चलाएं, जिसमें दोनों पक्षों को काफी चोटें आई। इस घटना में दर्जनों लोग घायल हुए, वहीं एक व्यक्ति की हालत नाजुक है जिसे जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा। घटना कर्नलगंज थाना क्षेत्र के कंजेमऊ गांव के मजरा दुहानी का है। जहां दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश के बीच हुए जमीनी विवाद के चलते जमकर खूनी संघर्ष हुआ, जिसमें दोनों पक्षों की तरफ से मौजूद पुरुषों व महिलाओं ने हाथ में लाठी डंडा लेकर एक दूसरे के ऊपर हमला कर दिया। यही नहीं मारपीट के दौरान लाठी-डंडे के अलावा ईट गुम्मों की भी बरसात हुई, जिसमें कई लोग बुरी तरह घायल हो गए, वहीं इस घटना में गांव के 25 वर्षीय व्यक्ति सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसे इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने घायल की हालत को नाजुक देख तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गांव में हुए खूनी संघर्ष की घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी, वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों पर धारा 308 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

### सभी को एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए: प्रिंस राठौर

**ललितपुर।** प्रगति रक्तदान सेवा समिति के प्रमुख सदस्य विजय प्रजापति ने पहली बार रक्तदान किया। उन्होंने निजी अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला बबीता यादव जो कि जुगपुरा की निवासी थी, डॉक्टरों ने उन्हें प्रसव के दौरान ओ पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की आवश्यकता बतायी, जिस पर परिवार वाले काफी चिंतित थे। जैसे ही इसकी जानकारी संपर्क के माध्यम से विजय प्रजापति को ही उन्होंने यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष प्रिंस राठौर को दी जिसके पश्चात तत्काली विजय प्रजापति ने ब्लड बैंक पहुंचकर अपना बहुमूल्य ब्लड ओ पॉजिटिव गर्भवती महिला के लिए रक्तदान किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं परिजन मौजूद रहे परिवार वालों ने संस्था भी काफी सराहना की

### पूर्व प्रधान पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम धौर्रा निवासी विनय तिवारी पुत्र श्रीराम ने एक शिकायती पत्र चौकी धौर्रा पुलिस को देते हुये गांव के पूर्व प्रधान पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र में बताया कि कुछ समय पहले उस पर जानलेवा हमला हुआ था, जिस पर पूर्व प्रधान के पुत्रों पर मुकद्दमा दर्ज है। बताया कि मामले में उसके भाई की गवाही होनी है। कई बार राजीनामा के लिए दबाव बनाया गया, लेकिन जब दबाव नहीं बना पाये तो उक्त लोग अब खुलेआम जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीडिघ्त ने बताया कि पूर्व प्रधान ने अपने पुत्रों व परिजनों के साथ गिरोहबंद होकर उसके परिजनों को अभद्र गालियां देते हुये जान से मार डालने की धमकी दी है। पीडिघ्त ने पुलिस से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### मदरसा शिक्षकों ने वेतन वृद्धि को उठाई आवाज


**गोण्डा।** विशनोहरपुर गांव स्थित सांसद बृज भूषण शरण को रविवार को अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर 3 सूत्रीय ज्ञापन ब्लॉक अध्यक्ष मो. कलीम की अगुआई में सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि सांसद कैसरगंज के माध्यम से केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री भारत सरकार को समस्याओं का भेजा गया है। ज्ञापन में मदरसा आधुनिकीकरण योजना का तत्काल नवीनीकरण करने, उत्तर प्रदेश मदरसों में कार्यरत शिक्षकों का वर्ष 2021-22 मानदेय तथा वित्तीय वर्ष 22-23 का मानदेय तत्काल निर्गत करने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के 29 वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद भी मदरसा शिक्षकों के वेतन में कोई वृद्धि नहीं की गई है। महंगाई को देखते हुए मदरसा शिक्षकों के वेतन में वृद्धि की जाए तथा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति पुनः बहाल किया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि सांसद ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री से मिलकर मदरसा शिक्षकों की समस्याओं को अवगत कराएंगे तथामानदेय दिलाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर मोईन अली, दौलत यादव, निर्मला गुप्ता, आशिक अली, मोहम्मद अलीम, अजीमुल्ला, मोहम्मद रफीक, सलमान हाफिज, समसुद्दीन आदि अध्यापक मौजूद रहे।

### अवैध कब्जे के खिलाफ चला अभियान, बुलडोजर चलवाकर खाली कराई सरकारी जमीन

**अयोध्या।** जिले के अहरन सुवंश गांव निवासी त्रिभुवन चौरसिया व रामभवन चौरसिया ने खेल मैदान के लिए आरक्षित भूमि पर अवैध तरीके से मकान बना लिया था। खेल मैदान की भूमि को खाली कराने के लिए गांव के ही महावीर ने अवैध कब्जा हटवाने के लिए तहसील से लेकर जिले के अधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं किया था। कार्रवाई न होने पर शिकायतकर्ता महावीर ने अवैध अतिक्रमण हटवाने के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर किया था न्यायालय ने तहसील व जिला प्रशासन को अतिक्रमण तत्काल हटाने का आदेश दिया था। न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण को प्रशासन ने हटवा दिया।मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम अहरन सुवंश में हाईकोर्ट के आदेश पर सरकारी रिजर्व जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए अवैध मकान को तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त कर दिया। एसडीएम अमित कुमार जायसवाल ने बताया कि तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहरन सुवंश में खेल के मैदान के लिए सुरक्षित जमीन पर गांव के ही त्रिभुवन व रामभवन ने अतिक्रमण करके अवैध निर्माण कर लिया था। इस पर अहरन सुवंश निवासी महावीर ने उच्च न्यायालय में याचिका की थी। इसमें कोर्ट ने मिल्कीपुर एसडीएम को अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। तहसीलदार ने बताया कि अहरन सुवंश के महावीर ने हाईकोर्ट याचिका दायर की थी। इसमें सोमवार को जिलाधिकारी नितीश कुमार को तलब किया गया है।

# अयोध्या में बढ़ेगा 10 गुना पर्यटनय सेक्टर में निवेश के फायदे : योगी

संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन की दृष्टि से अनंत संभावनाओं वाला राज्य है। यहां धार्मिक, आध्यात्मिक, ईको टूरिज्म के सभी बड़े केंद्र मौजूद हैं। आज उत्तर प्रदेश डॉमेस्टिक टूरिज्म के मामले में नंबर वन है। 2024 में जब अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा तो वहां 10 गुना पर्यटन बढ़ जाएगा। आज प्रदेश में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर कोई चिंता की बात नहीं। ये सब बीते दिनों की बात हो गयी है। यूपी आज सबसे सुरक्षित प्रदेश है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 37वें इण्डियन एसोसिएशन आफ टुअर आपरेटर्स (आयटो) के एनुअल कन्वेन्शन में देश भर से आए टूर ऑपरेटर्स के समक्ष अपने उद्बोधन में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग ढाई दशक के बाद यूपी में (आयटो) ने कार्यक्रम आयोजित किया था। 26 साल पहले जब ये कार्यक्रम हुआ होगा तब के यूपी और आज के यूपी में काफी फर्क आप सभी को महसूस हो रहा होगा। यूपी में हर प्रकार के टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। विगत पांच वर्ष में हम सबने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जो प्रयास किये हैं उसका प्रतिफल है कि उत्तर प्रदेश आज डोमेस्टिक टूरिज्म में नंबर वन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में धार्मिक-आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र में अनंत संभावनाएं हैं। दुनिया की सबसे प्राचीनतम नगरी और भारत की सांस्कृतिक आध्यात्मिक राजधानी काशी के रूप में हमारे पास है। हाल ही में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के एक वर्ष पूरे हुए हैं। पहले अमूमन वाराणसी में वर्ष में एक करोड़ पर्यटक आते थे, मगर श्रीकाशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद इस साल अकेले सावन माह में एक करोड़ पर्यटक वाराणसी आए। अयोध्या-मथुरा के विकास के लिए खर्च हो रहे 30-30 हजार करोड़ रुपए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा अयोध्या हर सनातनी की आस्था का केंद्र है। सभी यहां अपने जीवनकाल में एक बार आने की अभिलाषा रखते हैं। यहां भव्य मंदिर का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। दीपोत्सव के साथ ही अयोध्या में पर्यटन विकास के लिए बहुत से कार्य हुए हैं। यहां 30 हजार करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के कार्य चल रहे हैं। अयोध्या में जब श्रीराम मंदिर का निर्माण और विकास के कार्य 2024 में पूरे होंगे उसके बाद यहां 10 गुना पर्यटन बढ़ जाएगा। ऐसे ही मथुरा, वृंदावन, गोकुल, बरसाना भी हमारे पास है। क्या देसी और क्या विदेशी, सब मथुरा से जुड़ाव रखते हैं। वहां के आध्यात्मिक विकास के साथ ही भौतिक विकास को भी आप सबने महसूस किया होगा। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मथुरा-वृंदावन के विकास के लिए 25 से 30 हजार करोड़ रुपए की लागत से इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के कार्य चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज का उदाहरण रखते हुए कहा कि 2019 के कुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालु आए। मगर इतनी बड़ी तादात में लोग किसी आयोजन के साथ जुड़ें और किसी प्रकार की कोई धक्का-मुक्की तक की स्थिति नहीं बनी। इसके अलावा रामायण, कृष्णा और बौद्ध सर्किट को व्यवहरिक धरातल पर उतारने का प्रयास युद्धस्तर पर चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु, श्रावस्ती, कौशांबी जैसे महत्वपूर्ण बौद्ध स्थल यूपी में मौजूद हैं। कुशीनगर में अन्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट, श्रावस्ती एयरपोर्ट डेवलप किया जा रहा है। वैदिक श्रुतियों को लिपिबद्ध करने की भूमि नैमिषारण्य भी यहीं है। भगवान राम के वनवास से जुड़ा चित्रकूट भी यूपी में है। शुक्र तीर्थ, मां विंध्यवासिनी का धाम भी यहीं है। साथ ही तराई, विंध्य और बुंदेलखंड में ईको और हेरिटेज टूरिज्म की अपार संभावना है। आजमगढ़ के नाम से पहले डरते थे लोग, आज वहां हो रहे विकास कार्यउन्होंने कहा कि देश में सबसे अच्छी सड़क, रेलवे और एयर कनेक्टिविटी यूपी के पास है। हमारे पास जेवर और अयोध्या के रूप में नये इंटरनेशनल एयरपोर्ट तैयार किये जा रहे हैं। जिस आजमगढ़ के नाम से लोग कभी डरते थे, आज उसे एक्सप्रेस वे के साथ जोड़ते हुए वहां एयरपोर्ट की सुविधा भी हम देने जा रहे हैं। इसके अलावा अलीगढ़, मुरादाबाद सहित 10 नये स्थानों पर एयरपोर्ट बनाने जा रहे हैं। इनमें से पांच के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ हमारा एमओयू साइन हो चुका है। वाटरवेज, जो वाराणसी से हल्दिया तक जुड़ चुका है, इसे अयोध्या तक ले जाने का प्रयास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने देशभर से आए टूर ऑपरेटर को आश्वस्त करते हुए कहा कि यूपी में पर्यटकों की सुरक्षा और बेहतर कनेक्टिविटी की गारंटी है। हम बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्यों के माध्यम से इसे और भी समृद्ध बनाने में जुटे हैं। हर स्थान पर पर्यटकों के लिए होटल पार्किंग के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। टूरिज्म की बेहतरीन पॉलिसी आज हमारे पास है, इसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश किया जा सकता है। इन्वेस्टर पार्टनर को सुरक्षा की पूरी गारंटी यूपी दे रहा है। इन्वेस्टमेंट की पूरी प्रक्रिया बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के आगे बढ़ रही है। निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से सभी कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। साढ़े 300 से अधिक औपचारिकताएं जिनके लिए एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर दौड़ना पड़ता था, आज वो ऑटो मोड में होती जा रही हैं।

## स्कूल एजुकेशन क्वालिटी इंडेक्स' में 20 बड़े राज्यों की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश सबसे निचले पायदान पर: कांग्रेस

संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूछा हैं कि नीति आयोग की स्कूली शिक्षा संबंधी रैंकिंग के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे निचले पायदान पर हैं, ऐसी शर्मनाक बदहाली क्यों? आज आपने शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटते समय उनके नैतिक धर्म को याद दिलाया। कांग्रेस पार्टी आपके द्वारा शिक्षकों को दी गई नैतिक जिम्मेदारी की सीख से सहमत है।कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री आपके शासनकाल के दौरान सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश में स्कूलों की बदहाली साफदिखाई दे रही है। 'स्कूल एजुकेशन क्वालिटी इंडेक्स' में 20 बड़े राज्यों की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश सबसे निचले पायदान पर है। छात्रों की बढ़ती तादाद और उस अनुपात में शिक्षकों की कमी, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण व्यवस्था इत्यादि में लगातार खामियां दिखाई दे रही हैं। जबकि उत्तर प्रदेश में बीएड प्रशिक्षित नौजवानों की खासी तादाद सड़कों पर आंदोलनरत है। प्राथमिक से लेकर माध्यमिक स्तर पर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का समायोजन और उनके निरंतर मूल्यांकन जैसे कार्यों में उत्तर प्रदेश का शिक्षा विभाग पूरी तरह विफल साबित हुआ है।कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश पिछड़े इलाकों में शौचालय का अभाव, खासतौर से ग्रामीण अंचलों की बेटियों की स्वास्थ सुरक्षा में भारी आभाव दिख रहा है।

इस कड़ाके की ठंड में स्वेटर, मोजा जूता इत्यादि मिलने में पिछले कई सालों से लगातर किसी न किसी रूप में धोखा हो रहा है। पर्याप्त बजट होने के बावजूद बच्चो को मिलने वाली सुविधा व संसाधन में हर साल कभी देरी, कभी सरकारी सहायता गुणवत्ता के विपरीत, शिक्षा महकमे में भ्रष्टाचार की खबरें सोशल मीडिया और स्थानीय समाचार पत्रों में आम तौर से दिखाई दे रही हैं। व्याप्त अनियमितता और भ्रष्टाचार को रोकने में आपकी बीजेपी सरकार पूरी तरह विफल दिखी है। छात्र छात्राओं और उनके परिवारजनों, समाज के प्रति मुख्यमंत्री जी यह धोखा है। कांग्रेस प्रवक्ता श्री श्रीवास्तव ने बताया कि नीति आयोग की ओर से तैयार 'स्कूल एजुकेशन क्वालिटी इंडेक्स' में 20 बड़े राज्यों की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश सबसे निचले पायदान पर है। वहीं केरल पहले, राजस्थान दूसरे और कर्नाटक तीसरे स्थान पर है। इस इंडेक्स में बड़े राज्यों में झारखंड 16वें और बिहार 17वें स्थान पर है। आयोग ने लर्निंग आउटकम सहित 30 मानकों के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है।

## डीआरएम इलेवन की मैत्री मैच में चार विकेट से जीत

**लखनऊ।** डीआरएम पूर्वोत्तर रेलवे आदित्य कुमार की कप्तानी में डीआरएम इलेवन ने रविवार को एनईआर स्टेडियम में खेले गए एक मैत्री मैच में मीडिया इलेवन को चार विकेट से हराया। टीम की जीत में अंबर प्रताप सिंह ने 46 रन की शानदार पारी खेली। मीडिया इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 122 रन बनाये। टीम से दीपक गुप्ता ने सवार्धिक 44 रन बनाये। इसके अलावा एसएम अरशद ने 25 एवं शरददीप ने सात रन का योगदान दिया। डीआरएम इलेवन से बलराम एवं बालेंद्रु पाल को दो-दो जबकि अनूप कुमार व सुनील को एक-एक विकेट की सफलता मिली। जवाब में डीआरएम इलेवन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.4 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। जीत में अंबर प्रताप सिंह के 46 रन के अलावा शिशिर सोमवंशी ने 14, अनूप सिंह ने 16, कप्तान आदित्य कुमार ने सात और सुमित वत्स ने आठ रन की पारी खेली। मीडिया इलेवन से दीपक गुप्ता को दो जबकि शलभ, गौरव व अंकुर को एक-एक विकेट की सफलता मिली।

## पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान के बारे में दी जानकारी

**विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को नई तकनीकों से कराया अवगत**

**अयोध्या।** फ्रांस की कंपनी आइएमवी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (प्डट) के तकनीकी प्रबंधक डा. संजय शर्मा ने पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने आधुनिक तकनीकियों का प्रयोग कर कृत्रिम गर्भाधान एवं गर्भधारण की क्षमता को बढ़ाने के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इन यंत्रों के प्रयोग से अच्छे नस्ल के पशु प्रोजनी बढ़ाने में सहायक होगा। डा. शर्मा ने बताया कि आधुनिक यंत्रों का प्रयोग पशुओं को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाता है। कृत्रिम गर्भाधान के समय अगर पशुओं के बच्चेदानी में चोट लग जाती है तो गर्भधारण की संभावनाएं कम हो जाती हैं और पशुपालकों को आर्थिक नुकसान होता है। डा. संजय ने बताया कि वीर्य की गुणवत्ता जांच के लिए कासा (ब्वउचनजमत ेपेजमक ैमउमद ।दंसलेपे) के बारे में विस्तार से बताया।पशुपालन महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. सुशांत श्रीवास्तव ने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान के समय पशुपालकों को सावधानी रखनी चाहिए।

### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका

**गोण्डा।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा देश के लोक प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी पर आमर्यादित टिप्पणी के बाद देश भर में आक्रोश है। विवादित टिप्पणी से जगह जगह बिलावल भुट्टो का पुतला दहन हो रहा है, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये जा रहे हैं। गोंडा जिले के नव सृजित नगर पंचायत धानेपुर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने धानेपुर बाजार में बिलावल भुट्टो का पुतला दहन किया तथा पाकिस्तान मुर्दा बाद के नारे लगाये। पुतला दहन के लिए भाजपा के मुजेहना मण्डल अध्यक्ष संजय सिंह ने थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। संजय सिंह ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो का बयान सवा सौ करोड़ देशवासियो के दिल को ठेस पहुंचाने वाला है।

## युवक को दौड़ाकर बीच चौराहे पर चाकुओं से गोदा



**बाराबंकी।** जिले में शनिवार रात बदमाशों ने एक लड़के को खुलेआम दौड़ाकर चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। खून से लथपथ लड़का अपनी जान बचाने के लिए काफी दूर तक भागता रहा, लेकिन उसकी मौत हो गई। बड़े भाई ने बताया कि करीब 9 महीने पहले कुछ लड़कों ने छोटे भाई से मारपीट की थी और उसका वीडियो वायरल कर दिया था। उसके बाद से लगातार इंस्टाग्राम रील बनाकर लड़के उसके भाई को धमकी दे रहे थे। वारदात शनिवार रात को पल्हरी चौराहे पर हुई। नगर कोतवाली क्षेत्र के भितरी पीरबटावन रौतन गढ़ही निवासी शुगान्तु उर्फ प्रिंस शर्मा(19 वर्ष) को बदमाशों ने पल्हरी चौराहे पर रात करीब 8 बजे दौड़ा लिया। करीब 300 मीटर तक दौड़ाने के बाद बदमाशों ने उसे चाकुओं से पैर को गोद दिया। खून से लथपथ शुगान्तु उसके बाद भी करीब 200 मीटर तक भागा और गिप पड़ा। सूचना मिलते ही एसपी दिनेश कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पर पहुंचे। जहां मरणासन्न पड़े शुगान्तु को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जिसे डॉक्टरों ने मृत करार दिया। डॉक्टरों के मुताबिक युवक के पैर में चाकुओं से हमले के कई निशान मिले हैं। जिससे शरीर से काफी खून निकलने उसकी उसकी मौत हो गई। शुगान्तु के बड़े भाई सौरभ शर्मा ने बताया, श्करीब नौ महीने पहले कुछ लड़कों ने छोटे भाई शुगान्तु शर्मा से मारपीट कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। तभी से इंस्टाग्राम रील बनाकर उसे डरा रहे थे और हत्या की धमकी दे रहे थे। मैंने इसकी शिकायत पुलिस से पहले भी कई बार की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## किशोरी के अपहरण के मामले में उच्चाधिकारियों को कड़ी फटकार

**पुलिस ने गंभीर धाराओं में किया मुकदमा दर्ज, एक पखवारे पूर्व अगवा हुई थी किशोरी**

**अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव से 13 वर्षीय एक नाबालिग किशोरी को एक पखवारे पूर्व अगवा कर लिए जाने के मामले में पुलिस ने काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताते चलें कि रुदौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी घुमंतू जाति के व्यक्ति ने खंडासा पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि बीते एक दिसंबर को वह अपने परिवार सहित अपने समधी के डेरा घटौली गांव आया था। बीते 4 दिसंबर की सुबह वहां से अपनी बेटी और पत्नी को छोड़कर वह अपने समधी पिचाली के साथ उनके भांजे की शादी में शामिल होने अयोध्या कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नाका चिथरिया चला गया था। उसका यह भी आरोप है कि उसी दिन देर शाम वह मोटरसाइकिल से सवार होकर सिड़सिड़ पूरे सुरवार गांव निवासी धर्मपाल अपने दो बेटों राजन एवं दुईजी के साथ उनके समधी के डेरे पर पहुंच गए थे और इन लोगों ने उसकी 13 वर्षीय नाबालिक बेटी को बहलाया फुसलाया और अपने साथ भगा ले गए। तहरीर देने के पखवारे बीत जाने के बावजूद भी पुलिस द्वारा मामले में प्राथमिकी नहीं दर्ज की गई। लाचार पिता आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम कराए जाने हेतु थाने की चौखट पर एड़िया घिस रहा था किंतु खंडासा पुलिस पसीजने का नाम नहीं ले रही थी। खंडासा पुलिस की करतूतों की कहानी यूपी पुलिस, अयोध्या पुलिस डीआईजी, डीजीपी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को ट्वीट कर लोगों ने घटना की जानकारी दी। जिसके बाद खंडासा पुलिस पहले तो पीड़ित पर तहरीर में तारीख बदलने का दबाव बनाती रही। लेट-लतीफी देख अधिकारियों की फटकार के बाद आखिरकार खंडासा पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियो के खिलाफ धारा 363, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पर मनमानी कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप

**ललितपुर।** ब्लाक जखौरा क्षेत्र के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय चौरसिल की प्रधानाध्यापिका पर मनमानी करते हुये भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और विद्यालय प्रबंधन समिति का स्वयं गठन करने जैसे आरोप लगाते हुये ग्रामीणों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के जरिए ग्रामीणों ने मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका द्वारा विद्यालय में मनमानी करते हुये घोर तरीके से वित्तीय अनियमित्तायें की जा रहीं हैं। साथ ही विद्यालय में मनमानी करते हुये विद्यालय प्रबंध समिति का गठन कर लिया है। जबकि सभी सदस्यों ने सामूहिक इस्तीफा 12 मई 2022 को दिया था। जो कि मुख्य विकास अधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित किया गया था। बताया कि इस्तीफा देने के पीछे का सबसे बड़ा कारण विद्यालय में प्रधानाध्यापिका की मनमानी थी। बताया कि विद्यालय में जो स्टाफहै और बिना किसी को जानकारी दिये हुये ही एसएमसी का गठन कर लिया गया है।

# उप्र के चार हवाई अड्डों के निर्माण में 140 करोड़ का निवेश

**पीईबी तकनीक के साथ ईपैक प्रीफैब तैयार कर रही हवाई अड्डे**



**लखनऊ।** भारत सरकार अपनी महत्वाकांक्षी उड़ान योजना के तहत हवाई यात्रा को आसान बनाने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए टियर 2 और टियर 3 शहरों को बड़े शहरों से जोडने के क्रम में हवाई अड्डों के निर्माण के लिए पीईबी ढांचा मुहैया कराने वाली ईपैक प्रीफैब वर्त्तमान में प्रदेश के मुइरपुर हवाई अड्डे और सरसावा सहारनपुर, हवाईअड्डा को पीईबी तकनीक से विकसित करने का कार्य कर रही है। इस तकनीक के साथ चित्रकूट हवाई अड्डे और हिंडन हवाई अड्डे का कार्य पूरा किया गया है।

इसमें सबसे तेजी से निर्मित हवाई अड्डों में से एक हिंडन हवाईअड्डा कुल चार महीने के रिकॉर्ड ब्रेकिंग समय में पूरा हुआ। इन हवाई अड्डों के निर्माण में कंपनी द्वारा 140 करोड़ का निवेश किया गया है। इन परियोजनाओं के पूरे होने से देश के प्रमुख शहरों के साथ कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिसके चलते इन क्षेत्रों में पर्यटन, व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा।

साथ ही दीर्घकालिक प्रभावों में औद्योगिक बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास और निर्यात भी मुमकिन हो सकेगा। ईपैक प्रीफैब के निदेशक निखिल बोथरा ने कहा ऐसे निर्माण के चलते स्थिरता बढ़ा सकती है और साथ ही निर्माण समय कम भी कम किया जा सकता है।

इसके इस्तेमाल से निर्माण उद्योग द्वारा उत्पन्न होने वाले कचरे की भारी मात्रा से भी निजात मिल सकता है। फैक्ट्री निर्मित भवन जिनमें संरचनात्मक फ्रेम छत और दीवार का समर्थन होता है, पर्यावरण के अनुकूल होते हैं और उड़ान योजना के मार्ग में प्रमुख बाधा रहे अधिक निर्माण समय को कई गुना कम किया जा सकता है। इस विकास का आतिथ्य, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर गुणक प्रभाव पड़ेगा। जैसे जैसे उड़ान अधिक किफायती होती जा रही है, टर्मिनल के बुनियादी ढांचे के लिए तीव्र, टिकाऊ और ऊर्जा कुशल संरचना प्रणालियों की आवश्यकता बन चुका है, जो पर्यटकों को एक सहज और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान कर सके।

अपनी निर्माण गति, प्रयोग, स्थिरता और दीर्घकालिक आर्थिक लाभों के कारण, हवाई अड्डों के निर्माण के पीईबी पसंदीदा विकल्प बन रहे हैं। मुइरपुर हवाई अड्डे और सरसावा हवाई अड्डे पर तेज तर्रार निर्माण के लिएए पीईबी संरचनाओं का उपयोग टर्मिनल भवनों के निर्माण के लिए किया जा रहा है। यह निर्माण अग्नि शमन प्रणाली, अच्छे थर्मल इन्सुलेशन और वेंटिलेशन सिस्टम से सुसज्जित हैं। इन टर्मिनलों में एयरलाइन संचालन के लिए आवश्यक सभी उन्नत सेवाएं होंगी, जैसे टिकट काउंटर, बैक ऑफिस, लगेज रूम, मेडिकल रूम आदि। सीमेंट और ईंटों के उपयोग जैसे पारंपरिक निर्माण विधि की तुलना में ये निर्माण पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। पीईबी संरचनाओं में 40 प्रतिशत तक कम कार्बन उत्सर्जन और 50 प्रतिशत तेज निर्माण होता है। इस तकनीक के चलते कई हजार लीटर पानी का उपयोग बचाया जा सका है, जो परंपरागत तरीके से आवश्यक होता।

## संक्षिप्त समाचार

### इमिलिया बाल मैत्री गांव के रुप में होगा विकसित

**उरई/जालौन।** जालौन की डकोर ब्लाक की ग्राम पंचायत इमिलिया को 'बाल मैत्री' गांव के रुप में विकसित किया जाएगा। यहां महिला और बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए काम किया जाएगा। इसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी, शिक्षा विभाग केअधिकारी, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी देकर उनका सहयोग लिया जाएगा। उनके विभाग से जुड़े कर्मियों के सहयोग से गांव में महिला, बच्चों और बुजुर्गों के लिए ऐसे काम किए जाएंगे जो मॉडल के रुप में जाने जाएंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन बताते है कि जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने इमिलिया गांव को बालमैत्री गांव के रुप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। बाल मैत्री गांव होता है, जहां नियमित ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठकें आयोजित की जाती है और बच्चों व महिलाओं से संबंधित समस्त बिंदुओं पर उक्त समिति में समीक्षा की जाती है। इस समिति का प्रमुख गांव का प्रधान होता है। जबकि सदस्य सचिव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता होती है। इसके सदस्य के रुप में आशा, एएनएम, प्राइमरी स्कूल के प्रधानाध्यापक के साथ इसी गांव के दो बच्चे नामित किए जाते हैं। जिसका एक रजिस्टर भी बनाया जाता है। हर बैठक की कार्यवृत्ति अंकित की जाती है और समिति के अध्यक्ष और सदस्यों का उपस्थित होना अनिवार्य होता है। इस समिति का काम बच्चों के विकास के लिए जरूरी चीजों की सतत निगरानी करना होता है। साथ ही समय समय पर बच्चों को बैठाकर उनकी राय जानते हुए उनकी रुचि केअनुकूल गांव के विकास में उनके योगदान पर भी मंथन किया जाता है। उन्होंने बताया कि बाल संरक्षण समिति के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह नियमित अंतराल पर बैठकों का आयोजन करें। इसमें सफाई कर्मचारी को भीबुलाया जाए।

### दशकों से मुस्लिम वोट को च्यूइंगम की तरह चबाने, चूसने और चलता करने का चल रहा है चलन: नकवी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को कहा कि अल्पसंख्यकों के विकास को देश के विकास से अलग देखना उन्हें प्रगति की मुख्यधारा से काटने का राजनीतिक छल है। रविवार को यहां उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग द्वारा आयोजित अल्पसंख्यक अधिकार दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नकवी ने कहा कि 'सच्चर कमेटी के नाम पर मुसलमानों के भरोसे को भय और भ्रम में बदलने की कोशिश हुई। दलितों, आदिवासियों के सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण से प्रतिस्पर्धा का बहाना बनाकर मुसलमानों का सियासी तुष्टीकरण का खेल खेला गया, भ्रम पैदा किया गया कि मुसलमानों के हालात दलितों से ज्यादा खराब हैं। सच्चाई यह है कि दलितों का पिछड़ापन ऐतिहासिक-सामाजिक कारणों से रहा, जबकि मुसलमानों की गरीबी शिसयासी छल का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों के कुछ हिस्सों का पिछड़ापन 'संकीर्ण साम्प्रदायिक सियासत और 'स्वार्थी वोटों की तिजारत का नतीजा रहा और आज जब बिना भेदभाव सभी की समृद्धि, सुरक्षा, शिक्षा सुनिश्चित हो रही है तो अल्पसंख्यकों के हितों को अपने सियासी स्वार्थ की बलि चढ़ाने वाले राजनीतिक सूरमाओं के सूपड़े साफ हो रहे हैं। नकवी ने कहा कि दशकों से मुस्लिम वोट को च्यूइंगम की तरह चबाने, चूसने और चलता करने का चलन चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण को ध्वस्त कर समावेशी सशक्तिकरण का ध्वजवाहक इसलिए बन पाया है कि मोदी-योगी युग में 'अमर, अकबर और एंथनी की समावेशी विकास में भागीदारी ने 'च्यूइंगम की तरह चूसो और चलता करो वाली साम्प्रदायिक वोटों के ठगी के ठौर-ठिकानों की 'तालाबन्दी और नाकाबंदी कर दी है।

### लोगों के प्रदर्शन के बाद नाली निर्माण शुरू

**अमेठी।** जिले में विकास न होने से नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन के बाद मतदान के बहिष्कार का बोर्ड वार्ड के बाहर लगवा दिया।ग्रामीणों द्वारा चुनाव में वोट का बहिष्कार करने के ऐलान के बाद आनन-फानन में हरकत में आये नगर पंचायत ने ग्रामीणों की मांग पर वार्ड में नाली निर्माण का काम शुरू करवा दिया। मामला अमेठी नगर पंचायत के वार्ड दो का है। यहां पिछले कई वर्षो से विकास के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है। यहां करीब एक महीना पहले ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए वोट बहिष्कार का बोर्ड लगा दिया। कुछ दिनों बाद तक तो ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन का कोई असर नहीं हुआ, लेकिन आरक्षण की स्थिति साफ होने के बाद इस वार्ड में गहमागहमी बढ़ गई। करीब एक सप्ताह पहले इस वार्ड में आनन-फानन में नाली का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। अमेठी में दो नगर पालिका और दो नगर पंचायत है। अमेठी नगर पंचायत की अध्यक्ष चंद्रमा देवी हैं, जो पिछले तीन बार से चेयरमैन हैं। साथ ही इस वार्ड के सभासद भी भाजपा के रामानंद थे। चंद्रमा देवी उद्योगपति और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला की पत्नी है। जिस वार्ड के ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया, वो वार्ड चेयरमैन के आवास से सबसे नजदीक का वार्ड है। ग्रामीण राम सुमेर ने कहा कि एक सप्ताह से उनके वार्ड में नाली निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। पहले काम धीरे चल रहा था, लेकिन अब काम तेज चल रहा है। नाली के बन जाने से उनके वार्ड के लोगों को बहुत राहत मिलेगी।

### पलटा चावल की बोरियों से भरा ट्रक,चालक घायल

**अमेठी।** सुल्तानपुर से चावल लेकर लखनऊ जा रहा ट्रक रविवार की सुबह फोरलेन हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक भी घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण हाईवे पर काफी देर तक वाहनों की आवाजाही बंद रही। सुल्तानपुर से चावल की बोरियां लादकर लखनऊ ले जा रहा ट्रक संख्या यूपी 32 कड 5983 रविवार सुबह जगदीशपुर पहुंचा था। ट्रक को मुसाफिरखाना निवासी भवानी लाल पुत्र हरी लाल चला रहा था। जहां अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। वहीं चालक उसी फंस गया दूसरी ओर हाईवे भी जाम हो गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटों कड़ी मशक्कत के साथ कटर मशीन से ट्रक के पार्ट्स काटकर चोटिल ड्राइवर को बाहर निकाला। एंबुलेंस की सहायता से सीएससी जगदीशपुर अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है वहीं क्रेन की मदद से ट्रक और चावल की बोरियों को हाईवे से हटाने के बाद यातायात सामान्य कराया। जगदीशपुर इंस्पेक्टर संदीप राय ने बताया कि ट्रक सुल्तानपुर जिले से चावल की खेप लेकर लखनऊ के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया। फिलहाल घायल को अस्पताल भेज अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### नगर पालिका को सामान्य सीट घोषित किये जाने की मांग

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष पद के लिए घोषित किये गये अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर आपत्ति दर्ज कराते हुये शहर के मोहल्ला आजादपुरा निवासी पं.भगवत प्रसाद नायक ने एक पत्र मुख्य सचिव को जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। पत्र में उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव को लेकर आरक्षण सूची जारी कर दी गयी है, जिसमें बुन्देलखण्ड के सभी जनपदों व नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए एक भी सीट सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित नहीं की गयी है, जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद ललितपुर को भी अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है, जिससे सामान्य वर्ग के उम्मीदवार अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लडने सं वंचित रह गये हैं। उन्होंने कहा कि यदि सामान्य सीट कर दी जाती है तो उसमें प्रत्येक वर्ग का प्रत्याशी अपना नामाकंन कर चुनाव लड़ सकता है। ऐसी स्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किया जाना न्यायहित में आवश्यक है। उक्त सीट के लिए आरक्षण के निर्णय से संतुष्ट नहीं रहेगा। उक्त निर्णय से सामान्य वर्ग के लोगों की उपेक्षा की जा रही है, जिससे सामान्य वर्ग के लोगों में मायूसी छायी है। उन्होंने मुख्य सचिव से आपत्ति को स्वीकार करते हुये नगर पालिका परिषद ललितपुर के लिए सामान्य वर्ग की सीट आरक्षित किये जाने की मांग उठायी है।

# हज कमेटी के चेयरमैन ने सीएम योगी को लिखा पत्र

## वक्फ बोर्ड पर प्रशासक नियुक्त करने की मांग की



**संवददाता**

**लखनऊ।** यूपी हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन रजा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर शिया एवं सुन्नी वक्फ बोर्ड पर प्रशासक नियुक्त करने की मांग की है। उन्होंने दोनों बोर्ड पर नियमानुसार काम न करने के आरोप लगाए हैं।

मोहसिन रजा ने अपने पत्र में लिखा है कि बोर्ड का कर्तव्य है कि अपनी शक्तियों का प्रयोग वक्फ अधिनियम के अधीन इस प्रकार करे कि उसके अधीक्षण में आने वाले वक्फों को उचित रूप से अनुरक्षित, नियंत्रित और प्रशासित किया जा सके और उसकी आय का उपयोग उन उद्देश्यों अथवा आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के कल्याण के लिए किया जाए जिसके लिए वक्फ स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि परन्तु इसके विपरीत वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण लगातार बने हुए हैं एवं इसकी आय का दुरुपयोग होने के कारण पसमांदा एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की मदद अब तक नहीं हो सकी है। उपरोक्त दोनों बोर्डों की हालत भी अत्यंत गंभीर है। उन्होंने कहा कि अनियमितताओं को देखते हुए राज्य सरकार दोनों बोर्डों में किसी उच्च अधिकारी को प्रशासक नियुक्त कर अपने नियंत्रण में संचालित करे।

## 7 बंदियों को बनाया जा रहा स्वावलंबी

### स्वरोजगार के साथ धार्मिक आस्था से भी जोड़ेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** योगी की सरकार जेलों में बंद कैदियों को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बना रही है और उनमें आस्था के प्रति सम्मान का भाव भी ला रही है। जो कैदी अपने अतीत को भुलाकर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनना चाहते हैं, सरकार उन्हें हर सुविधा उपलब्ध करा रही है। फतेहगढ़ कारागार के महिला और पुरुष कैदी ओडीओपी योजना के तहत ब्लॉक प्रिंटिंग कला का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वह प्रशिक्षण के जरिये रामनामी, राधे-राधे, ओम नमः शिवाय नाम के प्रिंटिंग पटका, दुपट्टे और गमछे तैयार कर रहे हैं, जिसे अयोध्या, वाराणसी, मथुरा और चित्रकूट समेत धार्मिक स्थलों पर बिक्री के लिए सप्लाई किया जाएगा। जेल प्रशासन कैदियों को पटका, दुपट्टा और गमछा बनाने का निर्धारित पारिश्रमिक देने के साथ इससे होने वाली आय का 10 प्रतिशत सरकारी खाते में जमा करने के बाद कैदियों में बांट देगा। इन कैदियों को रोजगार मेले के जरिए रोजगार भी दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के हर वर्ग को रोजगार, स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं। उनका यह संकल्प साकार भी हो रहा है। मुख्यमंत्री के प्रयास का असर ही है कि प्रदेश में बेरोजगार दर 2016 में 18 प्रतिशत थी, जो घटकर अप्रैल 2022 में 2.7 प्रतिशत रह गई है। राज्य सरकार हर वर्ग को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए योजनाये संचालित कर रही है। योजनाओं का लाभ उठाकर फतेहगढ़ जेल के महिला और पुरुष कैदी आत्मनिर्भर बनने के गुर सीख रहे हैं। डीजी जेल आनंद कुमार के मुताबिक ओडीओपी योजना के तहत फतेहगढ़ जेल के महिला और पुरुष कैदियों को ब्लॉक प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। वह रामनामी, राधे-राधे, ओम नमरू शिवाय की छाप के छपे पटके, दुपट्टे और गमछे तैयार कर रहे हैं, जिसे अयोध्या, मथुरा, वाराणसी और चित्रकूट समेत प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों पर बिक्री के लिए भेजा जाएगा। फर्रूखाबाद में गंगा तट पर लगने वाले रामनगरिया मेले में भी इनकी बिक्री की जाएगी।

## युवाओं के समग्र विकास के लिये परम्परागत भारतीय खेलों को बढ़ावा देने की जरूरत : कुलपति



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर निर्मला एस मौर्य ने कहा है कि युवाओं के समग्र विकास के लिए परंपरागत भारतीय खेलों को बढ़ावा देने की जरूरत है, इस संबंध में प्रदेश और देश की सरकार काफी प्रयास कर रही है। राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ में कॉलेज के संस्थापक-प्रबन्धक राजर्षि कुँवर श्रीपाल सिंह की पुण्यतिथि पर महाविद्यालय की दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 निर्मला एस0 मौर्य रही। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा खेल जीवन का अभिन्न अंग है तथा युवाओं के समग्र विकास के लिये परम्परागत भारतीय खेलों को बढ़ावा देने की जरूरत है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबन्धक कुँवर जय सिंह एवं प्राचार्य प्रो0 अरुण कुमार सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम प्रदान कर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो0 एन. के. सिंह ने सभी आमन्त्रित अतिथियों के प्रति हार्दिक धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर कैप्टन एस. पी. सिंह, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. बृजेश सिंह डॉ. मनोज सिंह, डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, मेजर दिलीप सिंह, कुमार राज पाण्डेय, राकेश कुमार, अनिल मिश्र सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## आज से इत्मीनान से पार करें पक्का पुल, चलने लगेंगे हल्के वाहन



**संवाददाता**

**लखनऊ।** 109 साल पुराने पक्का पुल के ऊपरी हिस्से की जांच सोमवार तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद इस पर हल्के वाहन चलने लगेंगे। भारी वाहनों की आवाजाही जांच रिपोर्ट आने तक बंद रहेगी। शनिवार को भी लोड टेस्टिंग हुई, जो रविवार को जारी रहेगी। करीब 300 मीटर लंबे इस पुल पर पांच आर्च हैं। इनकी मजबूती जांचने के लिए लोड टेस्टिंग चल रही है। इसके लिए हर आर्च पर 24 घंटे के लिए 30-30 क्विंटल मलबे से लदे चार ट्रक खड़े किए जा रहे हैं।

जांच करने वाली टीम के मुखिया डीएन तिवारी ने बताया कि सोमवार से पुल के नीचे की जांच होगी। इस दौरान ऊपर हल्के वाहनों की आवाजाही चलती रहेगी। पूरे पुल की जांच मंगलवार तक हो पाएगी, जिसकी रिपोर्ट 30 दिसंबर तक आएगी। तब तक भारी वाहन नहीं चलेंगे। पुल की मजबूती जांचने के लिए कोर टेस्ट और कैपो टेस्ट भी किए जा रहे हैं। कोर टेस्ट में रोड से पुल पर ग्राइंडर से छेद किया गया। इसमें निकली निर्माण सामग्री की जांच से पता चलेगा कि अभी यह कितनी अच्छी है। कैपो (कट एंड पुल आउट) टेस्ट में पुल के नीचे की साइड में दीवार से छेद करके देखा जाता है कि यहां से पुल कितना मजबूत है। एक आर्च में 10 कैपो टैस्ट किए जा रहे हैं, जिसमें पांच से छह घंटे लग रहे हैं। यह टेस्ट मंगलवार तक पूरा होगा।

## मारपीट से तंग आकर पिता ने ही की थी बेटे की हत्या, शव को बोरी में बंद कर खेत में फेंका

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां 2 दिन से लापता एक युवक का शव पुलिस ने खेत से बरामद किया है। दरअसल मारपीट से तंग आकर एक पिता ने ही अपने बेटे की हत्या कर उसके शव को बोरे में बंद कर खेत में छुपा दिया था। वहीं, मृतक के चाचा की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ने घटना का खुलासा किया है। बता दें कि घटना गोंडा थाना इलाके के तारापुर गांव की है। जहां के निवासी रवि (24) अपने पिता से झगड़ा होने के बाद घर से गायब था। रवि के गायब होने के बाद उसके चाचा शंकर ने पुलिस में रवि की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को बेहद गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई थी। इसी दौरान किसी ग्रामीण द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई कि रवि का शव कुएं में पड़ा हुआ है। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस को कुएं में शव नहीं मिला था। वहीं, जब पुलिस मृतक के पिता जयप्रकाश से पूछताछ कर रही थी तो इसी दौरान जयप्रकाश द्वारा दिए गए जवाबों को लेकर पुलिस को उस पर शक हुआ। जिसके बाद पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसी ने पीट-पीटकर अपने बेटे की हत्या करने के बाद उसके शव को बोरे में बांध कर खेत में छुपा दिया था। आरोपी पिता की निशानदेही पर पुलिस ने धान के खेत से बोरे में बंद रवि का शव बरामद कर लिया है।

## फरार आरोपियों की तलाश में शहर के कई इलाकों में दबिश

### टीम के पहुंचने से पहले एक शातिर मौके से फरार हो गया

**कानपुर।** कानपुर में नई सड़क बवाल के मामले में फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड़ के लिए गठित नई एसआईटी ने शनिवार देर रात शहर केकई इलाकों में ताबड़तोड़ दबिश दी। हालांकि टीम के पहुंचने से पहले एक शातिर मौके से फरार हो गया। तीन जून को नई सड़क पर हुए बवाल की जांच के लिए ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी का गठन किया था।

दो रसूखदारों को जेल भेजने के बाद गठित एसआईटी ने बाकी के आरोपियों की गिरफ्तारी करना तो दूर जेल में बंद आरोपी बाहर न आ सके इसके लिये मजबूत पैरवी तक नहीं कर सकी। मुख्तार बाबा केजेल से बाहर आने के बाद ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने एक बार फिर से नई एसआईटी गठित की। नई एसआईटी ने शनिवार देर रात बवाल में अहम भूमिका निभाने वाले एजाजुद्दीन उर्फ सबलू की गिरफ्तारी के पुलिस ने दबिश दी। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले सबलू वहां से फरार हो गया।



आरोप है कि बवाल केबाद सबलू अपने मददगारों के जरिए शहर से भाग निकला था। मामला शांत होते ही पिछले दो माह से वह क्षेत्र में आराम से रहकर ब्याज पर रुपये बांटने और प्रापर्टी का कारोबार शुरू कर दिया था। इधर बजरिया पुलिस ने डी टू गैंग के शार्प शूटर इजराई आटे वाले को शनिवार देर रात हिरासत में ले लिया। उसे दूसरे थाने में रखकर पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में जेसीपी ने बताया कि हिंसा में जो भी आरोपी थे। उनकी तलाश की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस दबिशे भी दे रही है। कई शातिर शहर छोड़ कर भाग चुके है। अपराधियों के मददगारों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## राजकीय विद्यालयों में नियुक्त 9 प्रवक्ताओं को मिला नियुक्ति पत्र, दो सहायक अध्यापकों को भी मिला

**अमेठी।** लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित अमेठी के 9 प्रवक्ताओं और 2 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यार्थियों के चेहरे पर खुशी झलकने लगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि और सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह ने चयनित हुए 11 नियुक्त अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र दिया है। इस दौरान डीएम,सीडीओ,डीडीओ समेत बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे। गौरीगंज के एनआईसी परिसर में आज कार्यक्रम आज आयोजन किया गया। 9 प्रवक्ताओं में शिव महेश तिवारी का गणित सौम्या पांडे का संस्कृत प्रवीण कुमार का संस्कृत निशा कश्यप का जीव विज्ञान राजकुमार का रसायन विज्ञान नबी अहमद का रसायन विज्ञान अनुपम पांडे का भूगोल अरविंद कुमार का भूगोल निशांत श्रीवास्तव का समाजशास्त्र और 2 सहायक अध्यापकों में कल्पना कश्यप का हिंदी और जूही सिंह की शारीरिक शिक्षा विषय में नियुक्ति हुई है।

### आऊट सोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने की राजकीय चालक महासंघ ने उठाई मांग

**लखनऊ।** वेतन विसंगतियों समेत कई मांगों को लेकर राजकीय वाहन चालक महासंघ के पदाधिकारियों ने रविवार को अपर मुख्य सचिव कार्मिक देवेश चतुर्वेदी से मुलाकात की। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद सिद्दकी,महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी और रमेश कुमार ने अपर मुख्य सचिव कार्मिक के सामने अपनी बात रखी। उनको 10 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया।

## जैन धर्म का संदेश अहिंसा, सत्य और सदाचार: महापौर

**लखनऊ।** श्री दिगम्बर जैन सेवा समिति के तत्वावधान में आशियाना जैन मन्दिर का 21 वाँ स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर भगवान महावीर का विधान हुआ। विधान के यज्ञ नायक बनकर कमलेश जैन -अभितोष जैन परिवार ने पुर्ण्याजन किया। पूजन एवं विधान समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश एवं अजय जैन के नेतृत्व में हुआ। समारोह में महापौर संयुक्ता भाटिया एवं स्थानीय पार्षद विमल तिवारी और कौशलेन्द्र तिवारी तथा पूर्व पार्षद सुस्मिता पाड्ये ने कार्यक्रम में सम्मलित होकर बधाई दी। इस अवसर पर जैन तीर्थसंरक्षणी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. अभय कुमार जैन ने बताया कि स्थापना के साथ ही मन्दिर के साथ धर्मावलम्बी जुड़ते रहे।सभी तन मन धन से मन्दिर को सहयोग प्रदान कर रहे हैं। डा. अभय कुमार जैन ने कहा कि पिछले पांच वर्षो में महापौर संयुक्ता भाटिया ने पावर हाउस चौराहे को महावीर चौक घोषित कर समिति को वहां अहिंसा कीर्ति स्तम्भ स्थापित करने की अनुमति के साथ आज कानपुर रैड(पिकाडली होटल) से जैन मन्दिर सड़क का नाम श्री दिगम्बर जैन मन्दिर मार्ग का लोकार्पण किया। महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि भगवान महावीर ने समस्त मानव जाति को अहिंसा, सत्य और सदाचार का उपदेश देकर हम सबको संयम की दिशा प्रदान की। ऐसे प्रभू को प्रणाम एवं नमन। महापौर का सम्मान महिला मण्डल की अध्यक्ष अल्पना जैन एवं मंत्री ऋतु जैन ने किया। श्रीमती भाटिया को दिये अभिनन्दन पत्र का वाचन डा. अभय जैन ने किया और जैन मिलन के संयोजक बृजेश जैन बंटी, अध्यक्ष दिनेश जैन और कार्यक्रम के सूत्रधार उपाध्यक्ष सुशील जैन ने अभिनन्दन पत्र भेट किया। समिति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश एवं मंत्री अजय जैन ने पार्षदों को अघ्ंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया।

## बनारस में फिल्म पठान का विरोध

# भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री ने फूंका पुतला

**वाराणसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म पठान रिलीज होने से पहले ही विवादों में घिरती जा रही है। रविवार को वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. जयनाथ मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कचहरी मुख्यालय पर %पठान% के विरोध में प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए शाहरुख खान का पुतला फूंका। कहा कि शाहरुख खान ने आने वाली फिल्म पठान में दीपिका पादुकोण के साथ मिलकर हिंदू सनातन धर्म के केसरिया रंग को बदनाम करने का काम किया है। उसे हिंदू समाज कतई बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है। जयनाथ मिश्रा ने कहा कि शाहरुख खान हिंदू संस्कृत को बदनाम कर रहे हैं। अगर वो काशी आएंगे तो सड़कों पर निकलने नहीं दिया जाएगा। फिल्म



की नायिका ने जिस प्रकार से केसरिया रंग का कपड़ा पहन कर मातृशक्ति का अपमान किया है। हम जिस दल में काम करते हैं उसमें मातृशक्ति की पूजा होती है। इस दौरान अखिलानंद, शेषधर चौबे, नितिन अग्रवाल, जय गोविंद समेत कई लोग मौजूद रहे।

विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को रामनगर के शास्त्री चौक पर तपेश्वर चौधरी और संदीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में फिल्म पठान का विरोध किया। इस दौरान अभिनेता शाहरुख खान का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया।इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में भगवा के प्रति टिप्पणी करने वालों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। दिनेश मौर्या ने कहा कि अगर पठान फिल्म को वाराणसी के किसी भी सिनेमाघर में प्रदर्शित करने की कोशिश की गई तो कड़ाई से विरोध करेंगे।

# सम्पादकीय

## टकराव की सीमा

**हालांकि** यह टकराव लंबा नहीं खिंचा और जल्दी ही चीनी सैनिक वापस लौट गए। मगर बार-बार चीन की तरफ से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर इस तरह तनाव की स्थिति पैदा करने को लेकर स्वाभाविक ही भारत सरकार पर कड़ा कदम उठाने का दबाव बनना शुरू हो गया है। संसद में इस घटना पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सफाई दी कि भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों को खदेड़ दिया और वहां कोई अप्रिय घटना नहीं होने पाई। मगर विपक्ष इस घटना को केंद्र सरकार की रणनीतिक कमजोरी के रूप में रेखांकित कर रहा है। ज्यादा दिन नहीं हुए जब लद्दाख के गलवान क्षेत्र में चीनी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों के साथ हिंसक झड़प की और हमारे कई जवान शहीद हो गए। कई चीनी सैनिक भी मारे गए। उसके बाद करीब दो साल तक उस इलाके में तनाव बना रहा। चीन अपनी सामरिक शक्ति का प्रदर्शन करता रहा। आरोप लगते रहे कि चीन भारतीय सीमा में काफी अंदर तक घुस आया है और उसने अपने सैन्य ठिकाने बना लिए हैं। विपक्ष अब तक दोहराता है कि लद्दाख क्षेत्र की काफी जमीन चीन ने हथिया ली है और भारत सरकार उसे रोक नहीं पाई। अब अरुणाचल में चीनी सैनिकों की पैठ ने स्वाभाविक चिंता पैदा कर दी है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब चीनी सैनिकों ने तवांग इलाके में घुसपैठ की कोशिश की। करीब सोलह सालों से वहां तनाव बना हुआ है। दरअसल, तवांग का इलाका चीन और भारत दोनों के लिए रणनीतिक रूप से बहुत महत्त्वपूर्ण है। चीन की कोशिश रहती है कि तवांग पर कब्जा कर ले। इसलिए कि वह इलाका तिब्बत, भूटान और भारत को जोड़ता है। तवांग भारत का हिस्सा है, मगर चीन उस पर इसलिए भी कब्जा जमाना चाहता है कि वहां से वह तिब्बत पर शिकंजा कसने में कामयाब हो सकता है। फिर भारत पर सामरिक दबाव बनाए रख सकता है। इसलिए भारत हमेशा उस इलाके में सुरक्षा इंतजाम पर विशेष ध्यान देता है। ब्रिटिश हुकूमत के समय जब अरुणाचल में वास्तविक नियंत्रण रेखा का निर्धारण हो रहा था, तो चीन ने उस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किया था। वह दावा करता रहता है कि तवांग के इलाके पर उसका अधिकार है। मैकमोहन रेखा कही जाने वाली नियंत्रण रेखा को पार कर उसके सैनिक भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास करते रहे हैं। भारतीय सीमा पर अस्थिरता पैदा करने के पीछे चीन की एक और खीज काम करती है कि वह भारत को उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में सहन नहीं कर पाता। फिर अमेरिका से उसकी नजदीकी सदा चीन को खटकती रही है। लद्दाख का तनाव खत्म करते वक्त उम्मीद जताई गई थी कि अब चीन बेवजह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सामरिक शक्ति का प्रदर्शन नहीं करेगा, मगर वह अपनी विस्तारवादी मानसिकता से बाहर नहीं निकल पा रहा।

## सफाई के दौरान चार सौ अनमोल जिंदगियां हमने गवां दीं

**इक्कीसवीं** सदी में यह शर्मनाक स्थिति है कि तमाम वैज्ञानिक-तकनीकी उन्नति के बावजूद बीते पांच सालों में सीवर व सैप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान चार सौ अनमोल जिंदगियां हमने गवां दीं। इस साल भी 48 लोगों के मरने की बात कही जा रही है। निस्संदेह, इसके मूल में जहां तंत्र की विफलता निहित है, वहीं समाज की संवेदनहीनता भी है। विडंबना है कि स्थानीय निकाय और सफाई करवाने वाले लोग इस दौरान मरने वाले सफाई कर्मियों के आश्रितों के पुनर्वास की जवाबदेही से मुक्त रहते हैं। निस्संदेह, ऐसी मौतें बेहद कष्टकारी हैं और विसंगति के समाज के मुंह पर तमाचा है। हाल ही में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने जब यह जानकारी लोकसभा में दी तो सूचना कई सवालों को जन्म दे गई। ये आंकड़े हमारे विकास के थोथे दावों की हकीकत बताते हैं। आखिर क्यों कुछ लोग अपने परिवार के भरण-पोषण के लिये अपना जीवन दांव पर लगाते हैं। आखिर खतरे की आशंका के बावजूद क्यों वे अपना जीवन जोखिम में डालने को बाध्य हैं। क्यों हम ऐसी तकनीकों का प्रयोग नहीं कर पाये जो सफाई कर्मियों को चेता सकें कि सीवर या सैप्टिक टैंक में जहरीली गैस विद्यमान है। क्यों सफाई कर्मी पर्याप्त सुरक्षा व जीवन रक्षा उपकरणों के न होने के बावजूद मौत के कुओं में उतरते हैं। कई बार खतरे में फंसे व्यक्ति को बचाने के प्रयास में कई लोग जान गवां बैठते हैं। यदि समय रहते बचाव व राहत के उपाय अमल में लाये जाएं तो कई जानें बचायी जा सकती हैं। निस्संदेह, यह राहत की बात है कि लंबे सामाजिक आंदोलनों व कतिपय राजनेताओं की सार्थक पहल के बाद देश हाथ से मैला ढोने के कलंक से मुक्त हो पाया है। दरअसल, हाथ से मैला ढोने के रोजगार निषेध और पुनर्वास अधिनियम 2013 के अमल में आने से इसे रोका जा सका है। इसके बावजूद यह प्रश्न परेशान करता है कि क्यों आज भी लाखों लोग सैप्टिक टैंकों व सीवर की सफाई के जोखिम भरे कार्य को करने के लिये बाध्य हैं।दूसरी ओर केंद्र सरकार दावा कर रही है कि मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने के बाद, श्रमिकों के पुनर्वास के लिये स्वरोजगार योजना के तहत वर्ष 2021-22 में 39 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। साथ ही यह भी कि इन हादसों में मरने वाले श्रमिकों के अधिकांश परिवारों को मुआवजा भी दिया गया है। इसके बावजूद जरूरी है कि सफाई कर्मियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाये ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

# चीन भारतीय सीमा पर लगातार विस्तार की नीति अपना रहा

भारत को इस पर विचार करना होगा कि विश्व समुदाय पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने में क्यों हिचक दिखाता है। पाकिस्तान तब तक सही राह पर नहीं आने वाला जब तक दुनिया के अन्य प्रमुख देश उस पर दबाव नहीं डालते। अमेरिका के एक सरकारी दस्तावेज ने पाकिस्तान और चीन की धड़कनों को बढ़ाने का काम किया है। हालांकि, दोनों की वजह अलग है लेकिन परेशानी दोनों के लिए ही है। दरअसल, अमेरिका ने कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति 2022 रिपोर्ट को जारी किया था। इस अहम दस्तावेज में चीन को अमेरिका और विश्व के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। इस दस्ताावेज ने जहां अमेरिका-चीन के रिश्तों की खाई को बढ़ाने का काम किया है वहीं उसकी चिंता भी बढ़ा दी है। इस दस्तावेज में पाकिस्तान का कहीं कोई नाम नहीं है।

**चीन** और पाकिस्तान केवल भारत देश के लिए नही बल्कि वैश्विक स्तर पर खतरा बन चुके है। एक तरफ जहॉ चीन की विस्तारवादी नीति ने उसे हिंसक बना दिया है वही पाकिस्तान की आतंक परस्त नीति के कारण वह दूसरों की दया पर निर्भर कंगाली के दौर से गुजर रहा है। एक गूरू की भूमिका निभा रहा है तो दूसरा चेलागिरी कर रहा है। ये दोनों ही देश वैश्विक स्तर पर बेपर्दा हो चुके है। चीन भारतीय सीमा पर लगातार विस्तार की नीति अपना रहा है। पहले डोकलाभ, गलवान और अब तंवाग के ताजा घटना क्रम में भारतीय सेना से मूंह की खाने के बाद उसके चेले पाकिस्तान की तरफ से भारतीय प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी इस बॉत का प्रमाण है कि चीन और पाकिस्तान एक सिक्के के दो पहलू है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर लगाम लगाने के लिए विश्व के समस्त देशों को एक मच पर आकर चीन और पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान की हिमालय से ऊंची और अरब सागर से गहरी दोस्ती के उदाहरण तो आपने बहुत सुन रखे होंगे मगर चीन के दुनिया पर बढ़ते प्रभाव के बारे में जारी सूची चाइना इंडेक्स 2022 में पाकिस्तान दुनिया के उन देशों में सबसे ऊपर है। जहॉं चीन का प्रभाव सबसे अधिक है। समय-समय पर पाकिस्तान को फटकार लगाते रहने वाले भारत को इस पर विचार करना होगा कि विश्व समुदाय पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने में क्यों हिचक दिखाता है। पाकिस्तान तब तक सही राह पर नहीं आने वाला जब तक दुनिया के अन्य प्रमुख देश उस पर दबाव नहीं डालते। अमेरिका के एक सरकारी दस्तावेज ने पाकिस्तान और चीन की धड़कनों को बढ़ाने का काम किया है। हालांकि, दोनों की वजह अलग है लेकिन परेशानी दोनों के लिए ही है। दरअसल, अमेरिका ने कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति 2022 रिपोर्ट को जारी किया था। इस अहम दस्तावेज में चीन को अमेरिका और विश्व के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। इस दस्ताावेज ने जहां अमेरिका-चीन के रिश्तों की खाई को बढ़ाने का काम किया है वहीं उसकी चिंता भी बढ़ा दी है। इस दस्तावेज में पाकिस्तान का कहीं कोई नाम नहीं है। उसकी सबसे बड़ी समस्या और चिंता यही है। दरअसल, पिछले कुछ माह में जिस तरह से दोनों के बीच संबंधों में गरमाहट आई थी, उसको देखते हुए कहा जा रहा था कि दोनों के बीच हालात फिर सामान्य होने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। पाकिस्तान ने भी इन पर काफी बढ़चढ़कर बयान दिए थे। पाकिस्तान ने यहां तक कहा था कि वो अमेरिका का करीबी और अहम सहयोगी है। लेकिन, ताजा दस्तावेज ने इसकी पोल खोल दी है। पाकिस्तान को इस दस्ताावेज में कहीं कोई सहयोगी करार नहीं दिया गया है। पाकिस्तान के लिए ये उसकी उम्मीदों पर पानी फिरने जैसा ही है। इस दस्तावेज से पाकिस्तान को लेकर जो संकेत आ रहे हैं वो कुछ वैसे ही हैं जो इस वर्ष की शुरुआत में थे।ज्ञात हो कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई और फिर एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने पाकिस्तान को न केवल आतंकवाद का केंद्र बताया, बल्कि आतंकियों को अभी भी पालने-पोसने वाला देश साबित किया। उनकी तथ्यात्मक और तीखी बातों से पाकिस्तान किस तरह बौखलाया, इसे उसके विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर की गई स्तरहीन टिप्पणियों से चलता है। बिलावल भुट्टो ने अपनी अवांछित टिप्पणियों से यही साबित किया कि उन्हें कूटनीतिक शिष्टाचार की बुनियादी समझ भी नहीं। उन्होंने अपने साथ पाकिस्तान के छिछले स्तर को ही प्रमाणित किया।किसी भी देश के विदेश मंत्री से ऐसी गिरी हुई हरकत की उम्मीद नहीं की जाती, लेकिन पाकिस्तान के नेता किसी भी हद तक जा सकते हैं।




वास्तव में बिलावल भुट्टो ने कूटनीतिक क्षुद्रता के मामले में अपने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को ही मात देने की कोशिश की और वह भी उस समय जब विश्व बांग्लादेश की स्वतंत्रता का स्मरण कर रहा था। जुल्फिकार अली भुट्टो का नाती होने के नाते बिलावल भुट्टो को यह अच्छी तरह पता होना चाहिए कि पाकिस्तानी सेना ने तब के पूर्वी पाकिस्तान और आज के बांग्लादेश में कैसे भीषण अत्याचार किए थे। वह इससे भी अनजान नहीं हो सकते कि संयुक्त राष्ट्र के हिसाब से भी पाकिस्तान दर्जनों आतंकियों की शरणस्थली है। बिलावल भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बेजा टिप्पणियां करने के साथ ही जिस तरह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश की, उससे यदि कुछ स्पष्ट हुआ तो यही कि पाकिस्तान के साथ संबंधों में सुधार की कहीं कोई गुंजाइश नहीं। पाकिस्तान को पता होना चाहिए कि भारत की उसमें कहीं कोई दिलचस्पी नहीं। होनी भी नहीं चाहिए, क्योंकि वह अपने ही कर्मों से समस्याओं के गहरे दलदल में धंसता जा रहा है। पाकिस्तान भले ही एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर आ गया हो, लेकिन दुनिया उसे आतंकवाद के केंद्र के रूप में ही देखती है और इसी कारण कोई देश उसके इस प्रलाप को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं कि वह स्वयं आतंकवाद से पीड़ित है। भारत इससे संतुष्ट नहीं हो सकता कि उसे पाकिस्तान को एक बार फिर विश्व मंच पर बेनकाब करने का अवसर मिला, क्योंकि दुनिया के अन्य प्रमुख देश उसकी हरकतों पर उसे आड़े हाथ लेने के लिए उस तरह आगे नहीं आ रहे हैं, जैसा अपेक्षित है। स्पष्ट है कि समय-समय पर पाकिस्तान को फटकार लगाते रहने वाले भारत को इस पर विचार करना होगा कि विश्व समुदाय पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने में क्यों हिचक दिखाता है? ध्यान रहे कि वह तब तक सही राह पर नहीं आने वाला, जब तक दुनिया के अन्य प्रमुख देश उस पर दबाव नहीं डालते।

# आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान व चीन को कड़ा संदेश दिया

**सुरक्षा** परिषद की अध्यक्षता करने के अवसर का सदुपयोग करते हुए भारत ने प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान व चीन को कड़ा संदेश दिया है। गाहे-बगाहे कश्मीर के मुद्दे पर भारत को घेरने की कोशिश करने वाले पाक को एक अंतर्राष्ट्रीय मंच से सख्त संदेश देना वक्त की जरूरत थी। वहीं दूसरी ओर यह तथ्य किसी से नहीं छिपा है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर व पंजाब की सीमाओं के जरिये लगातार आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देता रहा है। हाल के दिनों में भारतीय सेना व सुरक्षा बलों की मुस्तैदी से घुसपैठ रोकने में मिली कामयाबी के बाद पाक लगातार ड्रोन के जरिये अपने घातक मंसूबों को अंजाम दे रहा है। इतना ही नहीं वह लगातार नशे व नकली नोटों की खेप भारत भेज रहा है।घ्वहीं चीन अपने मोहरे पाक के अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के निशाने पर आए कुख्यात आतंकवादियों को वीटो की ताकत से संरक्षण देता रहा है। हाल के वर्षों में पाक पोषित कुख्यात आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद व लश्कर-ए- तैयबा के कुख्यात आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने के भारतीय व अमेरिकी प्रयासों में चीन बाधा डालता रहा है। ये अतिवादी भारत में बड़ी आतंकवादी घटनाओं में प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से शामिल रहे हैं। यही वजह है कि अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक जगत में प्रतिष्ठा पाने वाले विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन को दो टूक शब्दों में स्पष्ट संदेश भी दिया कि कोई भी देश संयुक्त राष्ट्र जैसे प्रतिष्ठित व बहुपक्षीय मंच का

कश्मीर के मुद्दे पर भारत को घेरने की कोशिश करने वाले पाक को एक अंतर्राष्ट्रीय मंच से सख्त संदेश देना वक्त की जरूरत थी। वहीं दूसरी ओर यह तथ्य किसी से नहीं छिपा है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर व पंजाब की सीमाओं के जरिये लगातार आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देता रहा है। हाल के दिनों में भारतीय सेना व सुरक्षा बलों की मुस्तैदी से घुसपैठ रोकने में मिली कामयाबी के बाद पाक लगातार ड्रोन के जरिये अपने घातक मंसूबों को अंजाम दे रहा है। इतना ही नहीं वह लगातार नशे व नकली नोटों की खेप भारत भेज रहा है।घ्वहीं चीन अपने मोहरे पाक के अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के निशाने पर आए कुख्यात आतंकवादियों को वीटो की ताकत से संरक्षण देता रहा है। हाल के वर्षों में पाक पोषित कुख्यात आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद व लश्कर-ए- तैयबा के कुख्यात आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने के भारतीय व अमेरिकी प्रयासों में चीन बाधा डालता रहा है। ये अतिवादी भारत में बड़ी आतंकवादी घटनाओं में प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से शामिल रहे हैं।

उपयोग कूटनीतिक व सामरिक हितों को साधने के लिये नहीं कर सकता। फिलहाल एक वर्ष तक जब तक सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता का अवसर भारत के पास है, हमारे लिए चीन-पाक के अपवित्र गठबंधन को तार्किक ढंग से बेनकाब करना समय की जरूरत है।



भारत संयुक्त राष्ट्र पर सात दशक बाद भी मुट्ठीभर देशों के वर्चस्व को लगातार चुनौती देता रहा है। भारत का मानना रहा है कि संयुक्त राष्ट्र और इसके आनुषंगिक संगठनों का स्वरूप लोकतांत्रिक होना चाहिए। दरअसल, आज भी इस बहुपक्षीय मंच पर चुनींदा स्थायी सदस्यता वाले देशों ने कब्जा बना रखा है। बदलते वक्त की मांग है कि दुनिया के बड़ी आबादी व विशाल अर्थव्यवस्था वाले देशों को भी स्थायी सदस्य बनने का मौका मिलना चाहिए। यही वजह है कि भारत दुनिया के तमाम देशों में अपनी दावेदारी के समर्थन में लंबे समय से लगातार मुहिम चलाता रहा है।घ् निस्संदेह, भारत को मिली सुरक्षा परिषद की अस्थायी अध्यक्षता का पूरा लाभ संयुक्त राष्ट्र में सुधारों के लिये विश्व जनमत तैयार करने के लिये किया जाना चाहिए। हालांकि, यह महत्वपूर्ण है कि वैश्विक पटल पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर जोरदार ढंग से अपनी बात को रखते हैं। वे बिना किसी लाग-लपेट के खरी-खरी कहने के लिये जाने जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि गहराई से देखें तो वैश्विक परिदृश्य में नाटकीय बदलाव सामने आए हैं। लेकिन संयुक्त राष्ट्र में सुधारों पर होने वाली बहस लक्ष्यहीन हो चली है। यही वजह है कि सुधारों के लिये वर्किंग ग्रुप के गठन के तीन दशक बाद भी अपेक्षित लक्ष्यों को हासिल नहीं किया जा सका है। जिसकी मूल वजह यह है कि स्थायी सदस्यता वाले देशों ने नई व्यवस्था में ताकतवर बनकर उभरे देशों को आगे आने का मौका देने के प्रति ईमानदारी नहीं दिखाई है। निस्संदेह, बदलाव के लक्ष्यों के प्रति दृढ़ इच्छा शक्ति का अभाव हमें आगे नहीं बढ़ने दे रहा है। इसके बावजूद भारत बदलाव के लक्ष्यों के प्रति पूरी तरह समर्पित है। विदेश मंत्री ने पाक द्वारा कश्मीर का मुद्दा यूएन में उठाये जाने पर चीन के वीटो के दुरुपयोग पर दो टूक टिप्पणी की थी। उन्होंने पाक विदेश मंत्री को भी खरी-खोटी सुनाई कि जो देश ओसामा बिन लादेन की मेजबानी करता है और पड़ोसी लोकतांत्रिक देश की संसद पर हमला करने वालों को प्रश्रय देता हो, उसे ऐसे मुद्दों पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। निस्संदेह, समकालीन वास्तविकताओं के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र के ढांचे में परिवर्तन अपरिहार्य हैं। सवाल यह भी है कि कोरोना संकट के बाद उपजे हालातों तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यह संस्था प्रभावी भूमिका क्यों नहीं निभा पा रही है।

## आलेख

# एसिड अटैक को रोकना होगा

**इसमें** कोई शक नहीं कि आज की युवा पीढ़ी बहुत आगे बढ़ गई है और वह देश का भविष्य भी है। लेकिन यह युवा पीढ़ी किस दिशा में जा रही है और क्यों जा रही है? यह अपने आप में सोचने और चौंकाने वाली बात है। किसी भी लड़के और लड़की के बीच एकतरफा प्यार इस कदर परवान चढ़ जाए कि लड़की के इंकार के बावजूद लड़के की तरफसे लड़की पर हमला कर दिया जाए तो इसे क्या कहेंगे? तीन दिन पहले द्वारका में एक स्कूली छात्रा जो कि नाबालिग है, जब वह अपनी बहन के साथ स्कूल जा रही थी तो बाइक सवार दो लड़कों ने उस पर एसिड फेंक दिया और भाग गए सब कुछ सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। तीनों हमलावर पकड़ लिये गये हैं लेकिन बात यही खत्म नहीं हो जाती। एसिड अटैक का दर्द परिवार वाले कभी भूल नहीं पायेंगे। एसिड से हमला अपने आपमें गैर कानूनी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार एसिड की बिक्री बैन है, फिर भी एसिड यानि कि तेजाब ऑनलाइन मंगवाया गया। ऐसे में कई सवाल खड़े होते हैं। समाज में नई पीढ़ी अर्थात यूथ को यह क्या हो गया है। यह कैसी विडंबना है कि प्यार के नाम पर जब कोई लड़की इंकार कर दे या तो उसे गोली मार दी जाती है या हमला कर दिया जाता है और इस मामले में एसिड अटैक का पुराना इतिहास चौंकाने वाला है कि किस प्रकार एसिड अटैक की शिकार लक्ष्मी अग्रवाल जैसी कितनी लड़कियां आज संघर्ष कर रही हैं। लक्ष्मी पर 2005 में एसिड फेंका गया था और उसने अपना इलाज कैसे कराया होगा? उसे कितनी शारीरिक और मानसिक यातनाएं हुई होंगी यह सवाल हमलावरों से पूछा जाना चाहिए। कई डिबेट्स में

तीन दिन पहले द्वारका में एक स्कूली छात्रा जो कि नाबालिग है, जब वह अपनी बहन के साथ स्कूल जा रही थी तो बाइक सवार दो लड़कों ने उस पर एसिड फेंक दिया और भाग गए सब कुछ सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। तीनों हमलावर पकड़ लिये गये हैं लेकिन बात यही खत्म नहीं हो जाती। एसिड अटैक का दर्द परिवार वाले कभी भूल नहीं पायेंगे। एसिड से हमला अपने आपमें गैर कानूनी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार एसिड की बिक्री बैन है, फिर भी एसिड यानि कि तेजाब ऑनलाइन मंगवाया गया।

जब मुझसे राय पूछी जाती है तो मेरी कल भी यही राय थी, आज भी यही राय है कि हमलावरों को सजा का प्रावधान तुरंत होना चाहिए ताकि कभी भविष्य में कोई ऐसी वारदात के बारे में सोच भी न सकें। हमारा मानना है कि पुलिस अपना काम कर रही है और आज की तारीख में जिस तरह से टैक्नालॉजी के चलते हमारा युवा वर्ग एक-दूसरे से अपने विचारों की अभिव्यक्ति कर रहा है, उस पर माता-पिता का नियंत्रण बहुत जरूरी है। मोबाइल जीवन का एक हिस्सा बन चुका है। इसी मोबाइल पर एक-दूसरे से मित्रता और चौटिंग के सहारे लोग एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं। लेकिन परिणाम इस हद तक भी निकल सकते हैं यह अपने आप में चौंकाने वाली बात है। आजकल की युवा पीढ़ी इतनी फ्रेंक हो चुकी है कि वे अपने भविष्य का फैसला तेजी से पनप रहे लिव-इन रिलेशन को भी अपने जीवन का हिस्सा मान रहे हैं। कल तक यह बड़े शहरों में था, बड़ी सोसाईटी में था लेकिन कानूनी संरक्षण पाकर लड़के-लड़कियां खुलेआम अपनी ही शैली में जीवन जी रहे हैं। मैं तो यही कहूंगी कि अब मर्यादाएं भी टूट रही हैं। घर-परिवारों के सिस्टम बदल रहे हैं। नये पीढ़ी के बच्चे आधुनिकता को अपना चुके हैं। सेलिब्रिटिज या सोशल मीडिया पर प्रचलित ओटीटी कंटेंट से प्रेरित लड़के-लड़कियां दिन और शाम तो छोड़ो रात तक भी अकेले आने-जाने में गुरेज नहीं करते। यहीं से नजदीकियां बढ़ रही है। वे शादी जैसे बंधन में ना बंधकर लिव-इन रिलेशन में रहना चाहते हैं। इस तरह की बातें सोशल मीडिया पर खूब शेयर की जा रही हैं। सबसे बड़ी बात है कि स्कूली स्तर पर अगर किसी भी लड़की से अगर लड़का मित्रता करना चाहता है।

## दैनिक राशिफल

**मेष:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**वृषभ:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**तुला:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।


**वृश्चिक:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**धनु:-**हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।




## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

दिल समंदर जैसा रखना साहब, देखना नदियाँ खुद ही मिलने आयेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक नानपारा ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी शिकायत

**बहराइच।** ज्ञान चन्द्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिसवारा में नानपारा विधायक राम निवास वर्मा ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनकर निराकरण का आश्वाशन दिया। चौपाल में ग्रामीणों की 6 शिकायतें प्राप्त हुई। विद्यालय की प्रसंशा करते हुवे हर सम्भव मदद का आश्वाशन दिया।जिला अध्यक्ष अपना दल गिरीश पटेल ने सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत सदस्य बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन ए पी श्रीवास्तव ने किया।आभार ब्यक्त पूर्व प्रधान व संस्थापक प्रभात श्रीवास्तव ने किया।

### कोहरे के कारण खड़ी ट्राला में टकराई एम्बुलेंस,पीछे से लड़े अन्य पांच वाहन, हादसे में चार घायल

**बहराइच।** कोहरे का कहर शुरू हो गया है। रविवार को लखनऊ बहराइच मार्ग पर कोहरा होने के कारण गन्ना लदी ट्राला में पीछे से एंबुलेंस टकरा गई। उसी के पीछे अन्य पांच वाहन भी भिड़ गए। हादसे में 4 लोग के घायल होने की सूचना है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक साथ कई वाहन भिड़ने से हाईवे पर जाम लग गया। काफी देर बाद आवागमन शुरू हो सका। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेडवा उजार गांव के पास गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी। रूपईडीहा से लखनऊ जा रही एंबुलेंस ट्राली से पीछे भिड़ गई। जिससे एंबुलेंस चालक घायल हो गया। इसके कुछ देर बाद ही प्राइवेट बस, कार समेत अन्य पांच वाहन एक एक कर भिड़ते चले गए। जिससे सड़क पर दुर्घटना ग्रस्त वाहनों की कतार लग गई। सड़क पर वाहनों के भिड़ने से जाम लग गई। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चार लोगों को हल्की फुल्की छोटे आई हैं। इनमें लखनऊ के गुडंबा निवासी एंबुलेंस चालक संतोष कुमार समेत अन्य शामिल हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सड़क से वाहनों को हटवा दिया गया है। आवागमन पूरी तरह से सामान्य हो गया है। प्राइवेट बस समेत अन्य वाहन दुर्घटना के चलते क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

### रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर ने आयोजित किया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**बस्ती।** रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर द्वारा रविवार को सदर विकास खण्ड के बेलगड़ी गांव में निशुल्क चिकित्साशिविर आयोजित किया गया। शिविर में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकों ने उन्ग्हें परामर्श दिए और दवाएं वितरित की गई। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरपी मिश्रा ने कहा कि ऐसे शिविर जरूरतमंद मरीजों के लिए बड़ा अवसर है। उन्हें एक ही स्थान पर अनेक विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुभवों का लाभ मिल जाता है। रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वीके वर्मा ने बताया कि क्लब द्वारा प्रत्येक रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस शिविर में 485 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निशुल्क औषधि उपलब्ध कराया गया।डॉ. वीके वर्मा ने बताया कि चिकित्सा शिविर में डॉ. एसपी भारती, डॉ. श्यामनरायन, डा. राजेश चौधरी, डा. जेएल विश्वकर्मा, डा. अभिषेक चौधरी, डा. सुमित, डा. विवेक, डा. नीतू चौधरी, डा. अफजल आदि चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया। उन्हें उचित परामर्श दिए। जिन मरीजों का नेत्र परीक्षण हुआ। उन्हें निशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर को सम्पन्न कराने में रोटेरियन प्रतिभा गोयल, किशन गोयल, अशोक कुमार शुक्ल, राजेश्वरी वर्मा, अनमोल मोदी, विनय मौर्य, आर.डी. चौधरी, कमलादेवी शुक्ला, भूपेन्द्र चौरसिया, सुनील कुमार, अभिषेक त्रिपाठी, सत्येन्द्रधर दूबे सहित स्वास्थ्यकर्मी मनोज कुमार, इन्द्रजीत, धनंजय शुक्ल, बंशीधर शुक्ल, सत्य प्रकाश, मनीष, सुमिर शौर्य आदि ने योगदान दिया।

### सांसद खेल महाकुंभ से युवाओं को मिलेगी नई उड़ान, आज से 28 जनवरी तक होगी प्रतियोगिता

**बस्ती।** सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ से जिले के युवाओं को नई उड़ान मिलेगी। जिले के 14 ब्लाकों में आयोजित 6 दिवसीय खेल और अन्य प्रतियोगिताओं में जिस तरह से खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया, उससे उत्साह बढ़ा है। बताया कि ब्लॉक स्तर पर आयोजित खो-खो, कबड्डी वॉलीबॉल, रेस एवं क्रिकेट में लगभग 50,000 से अधिक खिलाड़ियों, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 228000 बच्चों ने प्रतिभाग कर सांसद खेल महाकुंभ को सफल बनाया। हरीश द्विवेदी ने बताया कि जिला स्तर पर 18 से 28 जनवरी तक सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन होगा। क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन,हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, 100 मीटर,200 मीटर, 400 मीटर,800 मीटर,1500 मीटर,3000 मीटर रेस ,चक्का फेंक, गोला फेक, लॉन्ग जंप ,हाई जंप, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम बोर्ड ,ताइक्वांडो का आयोजन शहीद सत्यवान सिंह स्पोंटस स्टेडियम में आयोजित होगा। इसके बाद ब्लॉक केंद्रों पर विजेता टीम के 6445 खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। रेस में प्रथम द्वितीय, तृतीय आए सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उनका सम्मानित किया गया। ब्लॉक केंद्रों से विजेता एवं उप विजेता टीम जिला केंद्र पर आयोजित प्रतियोगिताओं में शामिल होंगी। जिला केंद्र पर होने वाली परीक्षाओं में जिन खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन छूट गया था, उनके लिए रविवार 18 दिसम्बर से स्टेडियम में रजिस्टेशन शुरू किया गया है। रजिस्ट्रेशन 25 दिसंबर तक चलेगा, जो भी खिलाड़ी प्रतिभाग करना चाहते हैं, वह स्टेडियम में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे अस्पताल

**बस्ती।** जिले में चिकित्सा व्यवस्था बदहाल है, सरकार और जन प्रतिनिधियों के दावे मात्र हवा हवाई साबित हो रहे हैं। जिला और महिला अस्पताल में चिकित्सकों का अभाव है, काफी समय से बंद पड़ी अल्ट्रासाउंड मशीनें, लाखों की लागत से लगी बन्द पड़ी डिजिटल एक्सरे मशीन, दवाओं का अभाव बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के दावों को खोखला साबित कर रहे हैं।300 शैय्या युक्त जनपद के जिला चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में काफी अर्से से अल्ट्रासाउंड मशीन बंद पड़ी है, डिजिटल एक्सरे मशीन खराब है, जनरल सर्जन, फिजीशियन, न्यूरो सर्जन, कार्डियोलॉजिस्ट जैसे महत्वपूर्ण विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव है। वहीं 125 शैय्या युक्त जिला महिला चिकित्सालय में भी रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में अल्ट्रासाउंड मशीन बंद पड़ी है, जबकि यहां आने वाली प्रत्येक गर्भवती महिला मरीज को गर्भावस्था के दौरान कम से कम 3 बार अल्ट्रासाउंड कराना होता है। सुविधा न मिलने के कारण उन्हें बाहर से भारी दामों में अल्ट्रासाउंड कराना पड़ रहा है, इस महिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक भी पर्याप्त नहीं है। स्त्री रोग विशेषज्ञों का अभाव बना हुआ है, मात्र 2 रेगुलर और एक एनएचएम की महिला डॉक्टर है। यहां संचालित पैथालाजी सेंटर में जांच भी दिन के 2 बजे के बाद बंद हो जाता है, जबकि यहां पर महिला मरीजों का 24 घंटे आना जारी रहता है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उन्हें बाहर जांच कराना पड़ता है। जिले में 39 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। यहां भी 170 चिकित्सकों के सापेक्ष मात्र 110 चिकित्सक तैनात है। अल्ट्रासाउंड की सुविधा किसी भी स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध नहीं है।

### अधिकार सेना बेशरम रंग' नेताओ का पुतला करेगी दहन

**लखनऊ।** अधिकार सेना ने शीघ्र ही 'बेशरम रंग' नेताओं का सार्वजनिक पुतला दहन करने की बात कही है। अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने एक बयान जारी कर कहा कि हमारा देश कई प्रकार की वास्तविक समस्याओं जैसे महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी आदि से जूझ रहा है किन्तु जिस प्रकार तमाम बड़े-बड़े नेता इन वास्तविक गंभीर समस्याओं को छोड़ कर पठान फिल्म के गाने बेशरम रंग को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा बनाने में लगे हैं, वह सर्वथा निंदनीय है. उन्होंने कहा कि अधिकार सेना इस प्रकार एक फिल्म के गाने में लोगों का ध्यान भटकाने का पुरजोर विरोध करती है और इन 'बेशरम रंग' नेताओं की सार्वजनिक भर्त्सना करती है।

# नेता पहुंचे विदेश, लक्ष्य यूपी में निवेश

संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी गवर्नमेंट के मन्त्रियों और आला अफसरों की 2022 के अंतिम माह में हो रही विदेश यात्रा नववर्ष 20 में बड़ा असर दिखाने वाली है। बात बनी और मूर्तरूप लिया तो भारी फॉरेन इन्वेस्टमेंट हो सकेगा। 2023 उत्तर प्रदेश के लिए खास होगा क्योंकि फरवरी महीने में उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई मंत्रियों और अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल कई देश के दौरे पर हैं।कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नोएडा और ग्रेटर नोएडा की सीईओ रितु महेश्वरी, यमुना अथॉरिटी के सीईओ अरुण वीर सिंह ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर समेत कई देशों के दौरे पर हैं। वहां

**मील अनेक आश्वासन, कई एमओयू साइन**
**ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में दिख सकता है रिजल्ट**

अपनी अथॉरिटी और उत्तर प्रदेश के मॉडल को लोगों के सामने रख रहे हैं ताकि इन्वेस्टर उत्तर प्रदेश में आएं और रोजगार के नए आयाम खुल सके। जापान की तीन कंपनियां यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 17500 करोड़ का निवेश करेंगी। यमुना प्राधिकरण ने जापान में रोड शो में कंपनियों के साथ निवेश के लिए मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग साइन किया है। एक बड़ी कंपनी ने मेडिकल डिवाइस पाक में 20 हजार करोड़ रुपए तक के निवेश की इच्छा जताई है। डाटा सेंटर में कुछ कंपनियां 10 हजार करोड़ तक का




निवेश कर सकती हैं। इन सभी प्रस्तावों पर 1 से 2 दिन में करार कर लिए जाएंगे। विदेशी कंपनियों के निवेश से गौतमबुद्ध नगर समेत प्रदेश में करीब 60 हजार लोगों को रोजगार मिलने की प्रबल संभावना बन जाएगी।यीडा क्षेत्र में करीब 100 एकड़ भूमि पर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क में क्वालिटी एंड इवोल्यूशन सेंटर स्थापित करने के लिए 10 हजार करोड़ का एमओयू ताकेशी आनाडो ऑफ निसेनकेन क्वालिटी इवोल्यूशन सेंटर टोक्यो लेबोर्टिज के साथ करार किया है। इस परियोजना से यमुना प्राधिकरण के अंतर्गत करीब 10,000 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। नोएडा- ग्रेटर नोएडा में एसएलजी कैपिटल सिंगापुर करीब 8,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। यूपी सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में यह करार किया गया है। सिंगापुर में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए किए गए प्रयास में सरकार को यह बड़ी सफलता मिली है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने कंपनी के प्रतिनिधि के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए प्राधिकरण की ओर से बताया गया है कि उक्त कंपनी नोएडा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में डाटा सेंटर स्थापित करेगी, स्थान का चयन बाद में किया जाएगा।सिंगापुर के रोड शो में सिक्की के प्रतिनिधियों से राज्य सरकार के प्रतिनिधि मिले। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए निवेशकों को सिक्की सहयोग करेगी। इसके लिए कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी व नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु महेश्वरी की मौजूदगी में सिक्की से एमओयू भी साइन किया गया है।गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के छात्र भी जल्द ही वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में शहरी कृषि, शहरी वानिकी, ग्रीन सिटी और जल संरक्षण जैसे विषयों पर शोध और पढ़ाई कर सकेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने गए कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रितु माहेश्वरी ने सिडनी में वेस्टर्न यूनिवर्सिटी से करार किया है। यहां के छात्रों के लिए बेहतर भविष्य की संभावनाएं बनेंगी। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह नोएडा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की स्थित माहेश्वरी ऑस्ट्रेलिया में वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय के बीच में करार हुआ है। विदेशी विश्वविद्यालय के साथ हुए करार के तहत दोनों देशों के छात्र छात्राएं एक साथ पढ़ाई कर सकेंगे। प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या और ब्रजेश पाठक भी अपनी टीमें लेकर फॉरेन टूर पर हैं।

## 16 प्रवक्ताओं को सांसद और डीएम ने दिया नियुक्ति पत्र, दी शुभकामनाएं

**बस्ती।** मिशन रोजगार के तहत प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 16 नवनियुक्त प्रवक्ताओं को सांसद हरीश द्विवेदी, डीएम प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में युक्ति पत्र प्रदान किया। जबकि एक चयनित प्रवक्ता ने लोक भवन सभागार लखनऊ में नियुक्ति पत्र प्राप्त किया। जिले में चयनित प्रवक्ता की नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों में प्रियंका ओझा, रूचि चौधरी, बद्री विशाल सिंह, वेदमणि, वेद प्रताप सिंह, योगेन्द्र कुमार, आशुतोष पाण्डेय, श्याम सुन्दर, नरेन्द्र गौतम, शैलेश पटवा, अमित वर्मा, मनोज कुमार, हनुमन्त प्रसाद सिंह, यशदीप श्रीवास्तव, एकलाक अहमद, राजन कुमार शामिल रहे। जबकि लोक भवन सभागार में गणित प्रवक्ता प्रांजल ओझा ने नियुक्ति पत्र प्राप्त किया। कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद लोगों ने लोकभवन लखनऊ में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण देखा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्बोधन को सुना। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि सरकार मेधावी युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रयत्नशील है। इसमें हम सभी को आशातीत सफलता मिली है। चयनित प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए डीएम ने नवनियुक्त प्रवक्ताओं के सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक महादेवा के प्रतिनिधि फूलचन्द्र श्रीवास्तव, कप्तानगंज विधायक प्रतिनिधि गुलाब चन्द्र सोनकर, सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, जिला विद्यालय निरीक्षक डीएस यादव, जीजीआईसी की प्रधानाचार्य नीलम सिंह, विकास श्रीवास्तव, रघुवंशमणि, सूर्यलाल, देवेन्द्र सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बशीरतगंज-गणेशगंज वार्ड में निकाली मतदाता जागरूक यात्रा

**लखनऊ।** नगर निगम चुनाव को लेकर बढ़ती सरगर्मी के बीच आज यहां बशीरतगंज गणेशगंज वार्ड के ऑल इण्डिया फॉरवर्ड ब्लॉक के पार्षद मोहित मिश्रा ने अपना चुनाव प्रचार प्रसार पूरे जोर शोर के साथ शुरू करते हुये मतदाता जागरूक यात्रा निकाली। आज दोपहर एक बजे रानीगंज चौराहा बशीरतगंज स्थित चुनाव कार्यालय से सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पार्षद प्रत्याशी मोहित मिश्रा ने यात्रा के दौरान वार्ड के हर मोहल्ले के घर-घर जाकर जनसम्पर्क कर चुनाव चिन्ह शेर पर मुहर लगाने की अपील की और विश्वास दिलाया कि वार्ड के क्षेत्र के विकास और जनता के कामों के लिये हर समय उपलब्ध रहेंगे। चुनाव कार्यालय से निकाली गयी यात्रा वार्ड के विभिन्न मोहल्लों झण्डे वाला चौराहा, रानीगंज, चौराहा, चरस मंडी, भुसामण्डी, हाथी खाना, हरिनगर, दुगावां, फतेहगंज गल्ला मंडी, तकिया गणेश गंज, सराय दुर्विजय गंज, पंजाबी मोहल्ला होते हुये पुनः चुनाव कार्यालय में पहुंचकर समाप्त हुयी।

## पौने दो सौ माध्यमिक विद्यालयों की रद्द हो सकती मान्यता, बोर्ड ने जारी की नोटिस

**सिफारिश राज्य सरकार को भेजी जायेगी**

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सामूहिक नकल की शिकायतों पर 176 माध्यमिक विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।संतोषजनक जवाब न मिला तो मान्यता रद्द हो सकती है।यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने 176 स्कूलों की सूची जिला विद्यालय निरीक्षकों को भेज दी है ताकि इन स्कूलों को 2023 की बोर्ड परीक्षाओं का केंद्र न बनाया जाए।यूपी बोर्ड को बोर्ड और आंतरिक परीक्षाओं के दौरान इन स्कूलों में नकल की शिकायतें मिली थीं। बोर्ड पहले ही 176 में से 20 स्कूलों की मान्यता रद्द कर चुका है। सबसे अधिक 27 स्कूल आजमगढ़ मंडल से हैं जबकि चार प्रयागराज मंडल में हैं। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने कहा इन



स्कूलों को पिछली परीक्षाओं में विसंगतियों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सूची संबंधित डीआईओएस को भी भेज दिया है ताकि इन स्कूलों को 2023 में कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र न बनाया जाए।स्कूलों के मामले और जवाब यूपी बोर्ड की मान्यता समिति के समक्ष रखे जाएंगे और मान्यता वापस लेने से पहले इसकी सिफारिशें राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भेजी जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि कई मामलों में संबंधित डीआईओएस और संभागीय संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक से भी रिपोर्ट मांगी गई है। कुछ विद्यालय ऐसे हैं जिनके लिए डीआईओएस के साथ-साथ शिक्षा के संयुक्त निदेशक स्तर परमान्यता वापस लेने की अनुशंसा की गई थी।पिछले साल परीक्षाओं के दौरान सामूहिक नकल में मदद करने वाले स्कूलों के खिलाफ भी मान्यता वापस लेने की सख्त कार्रवाई की जा सकती है। प्रयागराज के भी चार स्कूलों की मान्यता वापस ली जा रही है।

## करियर गाइडेंस और मोटिवेशनल सेमिनार का हुआ आयोजन

**मोशन का करियर गाइडेंस और मोटिवेशनल सेमिनार**

**लखनऊ।** शिक्षा की काशी कोटा में जेईई, नीट की तैयारी करवाने के लिए जाने माने वाले मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा कि किसी भी एग्जाम में विद्यार्थी की सफलता के पीछे कोचिंग, विद्यार्थी और अभिभावकों के मिले-जुले, फोकस प्रयास जरूरी है। सलेक्शन की 100 प्रतिशत गारंटी कोई भी नहीं दे सकता और अगर वह ऐसा करता है तो गुमराह करता है। जाने-माने शिक्षक नितिन विजय मोशन के सफलता का विजयरथ अभियान के तहत लखनऊ के गोमती नगर स्थित इदिरा गांधी प्रतिष्ठान में करियर गाइडेंस और मोटिवेशनल सेमिनार में संबोधित कर रहे थे। विजय ने कहा कि हम किसी को भुलावे में नहीं रखते। टीम मोशन का मानना है कि सफलता के लिए अच्छे शिक्षकों, सपोर्ट सिस्टम, विद्यार्थी के संकल्प, मेहनत, आत्मविश्वास और माता-पिता के आशीर्वाद की जरूरत होती है। समय पर कक्षाएं लगवाना और अनुभवी फैकल्टीज से पाठ्क्रम पूरा करवाना, अपडेट अध्ययन सामग्री और टेक्नोलॉजी सपोर्ट उपलब्ध करवाना, अटेंडेंस ट्रैकिंग, डाउट क्लीयर करना, नियमित टेस्ट्स लेना, मोटिवेशनल सेशन कोचिंग और शिक्षकों का कार्य है। दूसरी और नियमित रूप से कक्षा में जाना, समय पर होमवर्क पूरा करना, टेस्ट देना, तैयारी में छूटी कमियां दूर करना और लक्ष्य के प्रति फोकस रहना विद्यार्थी का कर्तव्य है। पीटीएम में भागीदारी और बच्चे से रोज बात कर उसकी प्रगति पर नजर रखकर अभिभावक इसमें मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर बच्चा खास होता है। उसमें कई खूबियाँ होती है तो कई कमजोरियां भी।

### बृजभूषण शरण सिंह के जन्मदिन पर प्रतिभा खोज परीक्षा,प्रतिभागियों को किया जाएगा पुरस्कृत

**बहराइच।** कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह के जन्मदिन पर विभिन्न कालेजों में मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की गई। शहर के महात्मा बुद्ध विद्यापीठ इंटर कालेज में बनाए गए केंद्र में विभिन्न विद्यालयों के 440 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षा में बेहतर अंक पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। महात्मा बुद्ध विद्यापीठ इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अजीत कुमार वर्मा ने बताया कि उनके कालेज के साथ ही न्यू सनराइज पब्लिक स्कूल, सेंट एंथोनी पब्लिक इंटर कालेज, सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट इंटर कालेज, सैनिक इंटर कालेज, रामतेज पांडेय इंटर कालेज धरसवां, बाल शिक्षा सदन इंटर कालेज व मानस इंटर कालेज के 483 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था।

## कम्बल वितरण समारोह में वितरण किया गया कम्बल

**बहराइच।** नगरपालिका द्वारा पिछले साल के कम्बलों का वितरण बहराइच रोड स्थित गोल्डेन पाम मैरिज हॉल में किया गया। पिछले एक हफ्ते से हांड़ कपाउँ ठंड पड़ रही थी जिसमे निर्धन असहाय ठंड से ठिठुरने को मजबूर थे कम्बल वितरण की आश लगाए सैकड़ो जरूरतमंद को आज कम्बल वितरण समारोह में वितरण किया गया। नगर पालिका ने रविवार को सांसद बहराइच अक्षयवर लालगौड़, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, उपजिलाधिकारी अजित परेश व अधिशाषी अधिकारी रेनू यादव के द्वारा जरूरतमन्दों को 600 कम्बल का वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बहराइच श्री गौड़ ने सरकार द्वारा चलाई जा रही है उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सरकार की उपलब्धिया गिनाई। रामनिवास निवास ने बताया उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सुरक्षा व शिक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अधिशासी अधिकारी रेनू यादव ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नगर में कहीं भी साफसफाई या अन्य कोई समस्याएं हेतु उनसे मिलकर व्यक्तिगत अवगत कराया जा सकता है कंबल वितरण कार्यक्रम का संचालन तहसीलदार नानपारा पीयूष श्रीवास्तव ने किया इस मौके पर नगरपालिका कर्मी मोहम्मद अरशद सिद्दीकी,विशाल अहमद मोहम्मद सईद, शिवनन्दन त्रिवेदी, सभासद अजय गुप्ता, जमाल अहमद, मोहम्मद शुएब , भाजपा नेता अशोक जयसवाल विपिन सिंह ओम प्रकाश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

## जिला साहू समाज लखनऊ के रामपाल अध्यक्ष, अनुराग साहू बने महामंत्री'

**लखनऊ।** डालीगंज स्थित माधव मन्दिर परिसर में जिला साहू समाज की बैठक कार्यवाहक अध्यक्ष गोविंद साहू की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें रामपाल साहू को अध्यक्ष, अनुराग साहू को महामंत्री पद पर सर्वसम्मति से चयनित किया गया कार्यकारणी चेयरमैन रामचंद्र साहू, उमाशंकर साहू, अश्वनी साहू, संतोष साहू, राजेंद्र साहू, उपस्थित रहें। चेयरमैन रामचंद्र साहू ने बताया कि सभी सदस्यों के सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी गठित की गई है। वही चयन के बाद अध्यक्ष रामपाल साहू ने कहा कि कमेटी द्वारा जो भी कार्य दिया जाएगा मैं सदैव पूर्णनिष्ठा के साथ निर्वाह करूंगा। महामंत्री अनुराग साहू बताया कि आगामी कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 14जनवरी मकर सक्रांति पर्व, 26मार्च को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## प्रीमियम इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम लॉन्च

संवाददाता

**लखनऊ।** आई 30 लर्निंग सेंटर और ग्रेविटी क्लासेस भारत में पहली बार डप्ज, नै में विकसित प्रीमियम प्रोग्राम लखनऊ में लेकर आए हैं। बैंगलोर स्थित एड-टेक कंपनी, आईस्कॉलर नॉलेज सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड आईकेएसपीएल, भारत भर में 150 से अधिक केंद्रों का संचालन कर रही है, जो स्थानीय कोचिंग उद्योग के नेता ग्रेविटी क्लासेस के साथ साझेदारी कर रही है। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, वे एमआईटी, यूएसए में विकसित एक प्रीमियम इनोवेशन एंड

**आई 30 लर्निंग सेंटर और ग्रेविटी क्लासेस ने भारत में पहली बार प्रोग्राम लखनऊ में लेकर आए**

एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के लॉन्च की घोषणा करते हैं। आईकेएसपीएल के संस्थापक और सीईओ कर्नल राजेंद्र प्रसाद नडेला ने कहा कि मोहम्मद अशफाक और शिक्षकों की उत्कृष्ट टीम के नेतृत्व में ग्रेविटी क्लासेस के साथ साझेदारी करके प30 लर्निंग सेंटर को बहुत गर्व है। आई 30 और ग्रेविटी भारत में मतव2डांमत और मतव2 एंटरप्रेन्योर प्रोग्राम लॉन्च करने के लिए डप्ज, नै से प्रो. राजेश एम नायर का स्वागत करते हुए बहुत खुश हैं। प्रो. राजेश एम नायर, एमआईटी ने कहा कि उनका मानना है कि 130 इन कार्यक्रमों को देश भर में अधिकतम छात्रों तक ले जाने के लिए एक आदर्श भागीदार है। मोहम्मद अशफाक, संस्थापक, ग्रेविटी क्लासेस ने इस कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए लखनऊ को चुनने के लिए 130 और प्रोफेसर राजेश नायर का आभार व्यक्त किया। मोहम्मद अशफाक ने 130 लर्निंग सेंटर के सहयोग से अन्य शहरों जैसे कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, इलाहाबाद और आगरा आदि में गुरुत्वाकर्षण कक्षाओं का विस्तार करने की योजना व्यक्त की। पिछले 2 दिनों में कार्यशाला में भाग लेने वाले 30 छात्रों ने कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त की और इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि वे इतने कम समय में कितना कुछ सीख सकते हैं। उनमें से अधिकांश चाहते थे कि उनके स्कूल इन कार्यक्रमों को अपनाएं। बॉलीवुड सेलिब्रिटी, उद्यमी और परोपकारी विवेक आनंद ओबेरॉय, सह-संस्थापक और सीएसओ, आईकेएसपीएल ने कार्यक्रम के सफल लॉन्च पर 130, ग्रेविटी क्लासेस और प्रोफेसर राजेश को बधाई दी।

**होम्योपैथिक शिविर में 105 रोगियों को निःशुल्क परामर्श और दवाएं प्रदान की गयीं**

## होम्योपैथिक इलाज समय पर कराने से अत्यधिक कारगर होता है - हर्ष वर्धन अग्रवाल

संवाददाता

**लखनऊ।** हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में योग्य मान्यता प्राप्त चिकित्सक द्वारा ÷निःशुल्क होम्योपैथिक परामर्श, निदान एवं दवा वितरण शिविर÷ का आयोजन ट्रस्ट के इंदिरा नगर सेक्टर - 25 स्थित कार्यालय में हुआ द्य शिविर का शुभारंभ ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी श्री हर्षवर्धन अग्रवाल तथा शिविर के परामर्शदाता चिकित्सक डॉ संजय कुमार राणा ने दीप प्रज्वलन कर किया । इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी श्री हर्ष वर्धन अग्रवाल ने बताया कि होम्योपैथिक शिविर आयोजित




करने की प्रेरणा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मंत्र - सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से मिली है श्री अग्रवाल ने कहा कि, होम्योपैथिक इलाज समय पर कराने से अत्यधिक कारगर होता है द्य यह प्रतिरक्षा प्रणाली और शरीर के प्राकृतिक रक्षा तंत्र को मजबूत करने का काम करती है, जिससे शरीर को संक्रमण से स्वयं लडने में मदद मिलती है । एलोपैथी की तुलना में होम्योपैथी बहुत अधिक प्रभावी है, क्योंकि यह केवल लक्षणों का उपचार करने के बजाय बीमारी को जड़ से खत्म करती है ।
लोगों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए और किसी प्रकार की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या होने पर तत्काल अपने डॉक्टर से सलाह लेकर उपचार करवाना चाहिए द्य जिससे बीमारी बढे न और जटिलता से बचा जा सके द्य जनहित में नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा ।
डॉ0 संजय कुमार राणा ने कहा कि, होम्योपैथी उच्च सामर्थ्यवान तत्वों की बेहद छोटी खुराकों की मदद से शरीर द्वारा स्वयं को ठीक करने की शक्ति बढ़ाने का काम करती है द्य होम्योपैथी की सही औषधि शरीर की स्वाभाविक उपचार प्रवृत्ति को बेहद धीमे-धीमे प्रोत्साहित करती है द्य होम्योपैथी के ज़रिए कोई व्यक्ति धीरे-धीरे और स्थायी रूप से दीर्घकालिक या जीवन भर चलने वाली शारीरिक, मनोवैज्ञानिक परेशानियों के साथ-साथ उन बाधाओं को भी दूर कर सकता है जो किसी अन्य उपचारात्मक पद्धति से दूर नहीं हो पाई हैं द्य इस तरह, होम्योपैथी चिकित्सीय प्रयास में सिर्फ एक सहायक या स्थानापन्न से कहीं ज्यादा है।

# घर में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

## पति सप्ताह भर पहले ही बुलाकर लाया था मायके से



**गोरखपुर।** जटहां बाजार थाना क्षेत्र के पखनहां गांव के सुगौली टोला में शनिवार रात एक विवाहिता का शव घर में फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के भाई ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि पखनहां गांव के सुगौली टोला निवासी अतुल कुशवाहा पुत्र अलगू की शादी दो साल पहले हनुमानगंज थाना क्षेत्र के धरनीपट्टी निवासी डॉ. सुभाष कुशवाहा की पुत्री अंजली उर्फ गुड़िया (25) से हुई थी। कुछ महीने पहले अंजली अपने मायके गई थी। उसका पति अतुल एक सप्ताह पूर्व ही बुलाकर अपने घर लाया था। उसका नौ महीने का एक पुत्र है। शनिवार रात पति-पत्नी खाना खाने के बाद बच्चे के साथ सो गए थे। कहा जा रहा है कि आधी रात के बाद बच्चे के रोने की आवाज सुनकर पति उठा तो अंजली छत के कुंडे में फंदे से लटकी हुई थी।

इसकी सूचना अंजली के मायके वालों को दी गई। कुछ देर बाद मायके वाले भी पहुंच गए और पुलिस को सूचना दिए। पहले डायल 112 की पुलिस पहुंची। उसकी सूचना पर जटहां बाजार के थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार एसआई राजनारायण यादव, विपिन यादव सहित अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे। नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई मुकेश कुशवाहा ने हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष की सास, पति व ननद सहित पांच के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतका के गले पर निशान है। तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पौने दो सौ माध्यमिक विद्यालयों की रद्द हो सकती मान्यता, बोर्ड ने जारी की नोटिस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सामूहिक नकल की शिकायतों पर 176 माध्यमिक विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।संतोषजनक जवाब न मिला तो मान्यता रद्द हो सकती है।यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने 176 स्कूलों की सूची जिला विद्यालय निरीक्षकों को भेज दी है ताकि इन स्कूलों को 2023 की बोर्ड परीक्षाओं का केंद्र न बनाया जाए।यूपी बोर्ड को बोर्ड और आंतरिक परीक्षाओं के दौरान इन स्कूलों में नकल की शिकायतें मिली थीं। बोर्ड पहले ही 176 में से 20 स्कूलों की मान्यता रद्द कर चुका है। सबसे अधिक 27 स्कूल आजमगढ़ मंडल से हैं जबकि चार प्रयागराज मंडल में हैं। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने कहा इन स्कूलों को पिछली परीक्षाओं में विसंगतियों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सूची संबंधित डीआईओएस को भी भेज दिया है ताकि इन स्कूलों को 2023 में कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र न बनाया जाए।स्कूलों के मामले और जवाब यूपी बोर्ड की मान्यता समिति के समक्ष रखे जाएंगे और मान्यता वापस लेने से पहले इसकी सिफारिशें राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भेजी जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि कई मामलों में संबंधित डीआईओएस और संभागीय संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक से भी रिपोर्ट मांगी गई है। कुछ विद्यालय ऐसे हैं जिनके लिए डीआईओएस के साथ-साथ शिक्षा के संयुक्त निदेशक स्तर परमान्यता वापस लेने की अनुशंसा की गई थी।पिछले साल परीक्षाओं के दौरान सामूहिक नकल में मदद करने वाले स्कूलों के खिलाफ भी मान्यता वापस लेने की सख्त कार्रवाई की जा सकती है। प्रयागराज के भी चार स्कूलों की मान्यता वापस ली जा रही है। शंकरगढ़ के सिंधी टोला स्थित न्यू चिल्ड्रेन स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी कर मामला यूपी बोर्ड की मान्यता प्रदान करने वाली समिति को भेजा गया है।चंद्रसेन स्थित श्री बच्चा सिंह सिंगरौर इंटर कॉलेज और असरावे कलां स्थित यूडी मेमोरियल इंटर कॉलेज के मामले में संयुक्त शिक्षा निदेशक से भी रिपोर्ट मांगी गई है।

## एकतरफा प्यार में सिरफिरे ने लड़की को गोली मारने के बाद खुद को मारी गोली, प्रेमी की मौत लड़की गंभीर रूप से घायल

**अलीगढ (यूएनएस)।** जिले के इग्लाश थाना क्षेत्र के बिदरका गांव में शनिवार को एक सिरफिरे आशिक के द्वारा अपनी प्रेमिका को गोली मारने के बाद खुद को गोली मारने का मामला सामने आया है। इस घटना में प्रेमी की मौके पर मौत हो गई। वहीं गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुई प्रेमिका को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसका इलाज जारी है। घटना के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।पीड़िता की मां ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया है कि उन्हीं के गांव का रहने वाला अजीत नाम का युवक मेरी लड़की से एकतरफा प्रेम करता था। वह अचानक कल शाम को हमारे घर आया और मेरी लड़की को गोली मार दी। इसके बाद में उसने खुद को भी गोली मार ली। वह लंबे समय से यह मेरी लड़की को परेशान कर रहा था। वहीं घटना के बाद मृतक अजीत के भाई रणधीर का कहना कि उस लड़की का मकान और हमारा मकान बराबर में है। उसके घर के और हमारे घर के बराबर में एक चौक है। मेरा भाई उस चौक पर जाकर खड़ा हो गया था। जिस वक्त यह घटना घटी उस समय हम खेत की तरफसे आ रहे थे। लड़की के ताऊ ने मेरे भाई को गोली मार दी जिससे मेरे भाई की मौत हो गई। जिसके बाद बचने के लिए लड़की के परिवार वालों ने क्रॉस केस बढ़ाने के लिए लड़की के पैर में चाकू मारा या गोली मारी है।

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर बोले, दानिश आजाद अंसारी, मदरसा शिक्षा की बेहतरी के लिए काम रही सरकार

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थिति डालीबाग गन्ना विकास संस्थान में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी थे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी समेत भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान योगी सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि

- **डालीबाग गन्ना विकास संस्थान में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया**
- **अल्पसंख्यक समाज सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ रहा**

बयान केंद्र और प्रदेश सरकार अल्पसंख्यक समाज के तरक्की और बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। विपक्ष अनावश्यक मदरसा सर्वे को मुद्दा बना रहा है। उन्होंने कहा कि मदरसा शिक्षा की बेहतरी के लिए काम हो रहा है।

सबके संयुक्त प्रयास का नतीजा है कि अल्पसंख्यक समाज सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के विजन की वजह से अपलसंख्यक समाज हर कसौटी पर आगे बढ़ रहा है। सबका साथ और सबका विकास सिर्फ नारा नही एक मुहिम है। सपा, बसपा और कांग्रेस ने हमेशा अल्पसंख्यक समाज को बहका कर रखा। विपक्षी पार्टियों ने अल्पसंख्यक समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा अब अल्पसंख्यक समाज सब कुछ समझ चुका है। उन्होंने कहा कि मदरसों में आम मुस्लिम परिवार का बच्चा पढ़ने जाता है। यूपी सरकार ने मदरसों में बेहतर माहौल के लिए काम किया है। हमने मदरसों में एनसीईआरटी स्लेबस को शामिल किया। मदरसों में आज साइंस एक्सिबिशन लग रहा है ,स्पोर्ट्स एक्टिविटी हो रही है। सरकार हमारी तरक्की के लिए काम कर रही है। हमे भी सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है।

# 7 साल में यूपी के 48 जिलों में 11902 बच्चों के साथ यौन शोषण, सबसे ज्यादा केस लखनऊ में

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां प्रदेश में बच्चों व महिलाओं के प्रति हो रहे हिंसा को लेकर सख्त है और अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सजा दिलाने का आदेश देने के साथ ही ऐसे अपराधियों पर बुल्डोजर से भी कार्रवाई करते है। इसके बावजूद पिछले 7 साल में उत्तर प्रदेश के 48 जिलों के 11902 बच्चों के साथ यौन शोषण हुआ। ये आकड़ा स्वयं उत्तर प्रदेश पुलिस के द्वारा सूचना के अधिकार के तहत उपलब्ध कराया गया है। यह केवल वे मामले हैं जो सामने आए है। ऐसे न जाने कितने ही मामले चुप्पी में गुम हो जाते हैं या फिर दबा दिए जाते हैं। पिछले कुछ सालों में देश में बाल यौन शोषण की एक के बाद एक वीभत्स घटनाओं ने मानव समाज का सिर शर्म से झुका दिया है। सरकार की ओर से लगातार कायदे-कानून कड़े किए जाने के बावजूद घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं है। आए दिन हर राज्य, हर शहर में बाल यौन शोषण की खबरें सुनने को मिलती रहती है। उत्तर प्रदेश के नौनिहालों का बचपन भी डर और दहशत के साये में घिरा हुआ है। आए दिन प्रदेश के किसी न किसी हिस्से से बच्चों के यौन शोषण की खबरें सामने आती रहती हैं। बच्चों के संरक्षण संबंधी योजनाओं, सरकारी और गैर सरकारी प्रयासों के बावजूद बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। आगरा के चाइल्ड राइट एक्टिविस्ट नरेश पारस द्वारा सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी में 48 जिलों से यह डेटा सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के 48 जिलों में से 2015 से 2021 तक के 11902 बच्चे यौन शोषण का शिकार हुए हैं। प्रदेश के अन्य जिलों से अभी डाटा आना शेष है। बच्चों के यौन शोषण के सबसे ज्यादा 800 मामले लखनऊ में दर्ज किए गए हैं। इसके बाद पीलीभीत में 700, सिद्धार्थनगर में , 607 बिजनौर में, 589 और महाराजगंज में 489 मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले सात साल में उत्तर प्रदेश के 48 जिलों के 11902 बच्चों के साथ यौन शोषण हुआ। ये केवल वे मामले हैं, जो सामने आए है। न जाने ऐसे कितने ही मामले चुप्पी में गुम हो जाते हैं या फिर दबा दिए जाते हैं। चाइल्ड राइट एक्टिविस्ट नरेश पारस ने बताया कि उनके द्वारा पूरे प्रदेश के सभी जिलों से बच्चों के साथ हो रहे यौन शोषण के मामले में आंकड़े मांगे गए थे। अभी तक सिर्फ 48 जिलों से ही आंकड़े प्राप्त हुए हैं। यह आंकड़े भी शर्मिंदा करने वाले हैं। इन 48 जिलों में रोज 4 बच्चियों के साथ यौन शोषण की घटना को अंजाम दिया जाता है। उन्होंने बताया कि यह हालत तब है जब सामने आए मामलों में पॉक्सो एक्ट की कार्रवाई की जा रही है।

## राजकीय चालक महासंघ प्रतिनिधियों ने एसीएस को सौंपा मांग पत्र

संवाददाता

**लखनऊ।** राजकीय वाहन चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद सिद्दकी के नेतृत्व में महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी और रमेश कुमार ने अपर मुख्य सचिव कार्मिक देवेश चतुर्वेदी से मुलाकात कर उन्हें दस सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने एसीएस को अवगत कराया प्रदेश का राजकीय वाहन चालक अपनी जायज मांगों के सारगर्भित निस्तारण के लिए लगातार सरकार से मांग कर रहा है। समस्याओं के निराकरण न होने से चालक संवर्ग में निराशा एवं आक्रोष की स्थिति उत्पन्न् हो रही है। एसीएस ने उनकी सभी मांगों पर चर्चा के उपरान्त आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर उच्चस्तरीय बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। राजकीय वाहन चालक महासंघ ने एसीएस को दिए मांग पत्र में नवम्बर 2011 में वेतन समिति द्वारा विशिष्ट संदर्भो की संस्तुतियॉ भेजी थी जिसमें ग्रेड 4 में वेतन बैण्ड 2000 ग्रेड वेतन दिये जाने का निर्णय लिया गया था, इसे यथावत शीघ्र लागू किया जाए। लिपिक संवर्ग की भॉति प्रत्येक पॉच साल में पदोन्नति व्यवस्था लागू कर प्रतिशत व्यवस्था समाप्त की जाए। आऊट सोर्सिग व्यवस्था समाप्त कर प्रत्येक विभागों में रिक्त वाहन चालकों के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती कराई जाए। मानदेय के रूप में मिलने वाली विशेष वेतन को अतिरिक्त वेतन का नाम दिया जाए। वाहन चालकों को रिजवी कमेटी की संस्तुति के अनुसार वर्दी एवं धुलाई भत्ता दिया जाए। महासंघ के दारूलशफा 93 बी को बाजार भाव किराये को कम करते हुए ब्याज माफ

## बदमाशों ने किसान को मारी गोली, गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफ

**उरई/जालौन (यूएनएस)।** जालौन में शनिवार देर रात खेत पर पानी लगा रहे एक किसान को बदमाशों ने गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर खेत पर काम कर रहे अन्य किसान दौड़कर मौके पर पहुंचे। वहां किसान लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। किसानों ने परिजनों को सूचना देते हुए घायल को उरई जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत में हायर सेंटर झांसी के लिए रेफर कर दिया। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना रेंढर थाना क्षेत्र के सुलखना गांव की है। यहां का ज्ञान सिंह कुशवाहा (28) पुत्र मान सिंह शनिवार देर रात अपने खेत पर पानी लगा रहा था। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने ज्ञान सिंह को गोली मार दी। गोली कमर में लगने से ज्ञान सिंह घायल हो गया। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के खेतों में काम करने वाले किसान मौके पर पहुंचे। ज्ञान सिंह को लहूलुहान हालत में देखा परिजनों को सूचन दी और उसे उरई जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुट गई। वहीं, चिकित्सकों ने प्रथम उपचार करने के बाद हालत नाजुक देखते हुए घायल हो हायर सेंटर झांसी के लिए रेफर कर दिया। घायल के भाई गोविंद का कहना है कि उसका भाई खेत पर पानी लगा रहा था तभी अज्ञात लोगों ने उसको गोली मारी है। गोली मारने वालों के बारे में पता नहीं लगा है। रेंढर थाने के प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखा है।

### प्रतिबंधित मांस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बांदा(यूएनएस)।** जनपद के थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम लोहरा में नील गाय के लगभग 80किलोग्राम मांस के साथ दो हत्यारों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है। अपराह्न 2.30 बजे लोहरा गांव के पास खेत में वन दरोगा विनोद श्रीवास्तव व थाना के सिपाही शिवम् सिंह अभिषेक पटेल तथा अरविंद कुमार वन रक्षक ने मांस बेचने जा रहे नफीस साह व अब्दुल कादिर पुत्र गण हनीफ साह निवासी लोहरा थाना कमासिन को गिरफ्तार कर लिया। वन दरोगा विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस के सहयोग से दोनों को गिरफ्तार किया गया है बताया कि यह काफी अरसे से नील गाय का मांस अगल बगल के जिलों में बेचने का काम करते थे इंचार्ज थाना प्रभारी अंगिरा प्रसाद दुबे ने बताया कि दो अभियुक्त मांस सहित गिरफ्तार किए गए हैं। मांस को वन विभाग की नर्सरी के भीतर दफ्ना दिया गया है।

# रोडवेज बस ने युवक को रौंदा, मौत, ग्रामीणों ने मार्ग पर लगाया जाम

**बांदा(यूएनएस)।** तेज रफ्तार रोडवेज बस ने युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने बांदा-कानपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। जिससे दोनों तरफका आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। इसके बाग आवागमन सुचारु रूप से चालू हो सका। मामला कोतवाली देहात के लामा गांव का है। जहां कुछ लोग कानपुर जाने के किये बस का इंतजार कर रहे थे। तभी बांदा की तरफसे एक रोडवेज तेज रफ्तार में आ रही थी। राहगीरों द्वारा हाथ देने पर रोडवेज के चालक ने उसी तरफ गाड़ी मोड़ दी। अधिक रफ्तार होने के



कारण बस बेकाबू हो गई। वहाँ पर मौजूद यात्रियों को बचाते हुए सड़क पर पड़ी गिट्टी के ऊपर से निकल गई। जिससे एक युवक बस की चपेट में आ गया। जिससे युवक की मौत हो गई। अचानक हुए इस हादसे से आसपास के लोग पहुंचे और युवक का शव देख कर आक्रोशित हो गये। उन्होंने बांदा-कानपुर मार्ग को जाम कर दिया। जिससे दोनों तरफ का आवागमन बाधित हो गया। मामले की सूचना जब पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। जिससे आवागमन सुचारु रूप से बहाल हो सका। क्षेत्राधिकारी नगर अंबुजा त्रिवेदी ने बताया रोडवेज बस द्वारा एक्सीडेंट की एक मामला संज्ञान में आया था।

## स्मारक समितियों के रेट बढ़े

# अम्बेडकर मैदान से लेकर कांशीराम सांस्कृतिक स्थल तक के रेट 3 गुना तक बढ़े

संवाददाता

**लखनऊ।** एलडीए ने स्मारक समिति के रेट बढ़ दिया है। रमाबाई आम्बेडकर मैदान (रैली स्थल),कांशीराम सांस्कृतिक स्थल के रेट अप्रैल से बढेंगे। परिचालन के माध्यम से बढ़ायी गयीं दरों को स्मारकों, संग्रहालयों, संस्थाओं, पार्कों व उपवनों आदि की प्रबंधन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति की प्रबंध समिति ने भी मंजूरी दे दी है। अधिकारियों का कहना है कि नई दरें एक अप्रैल 2023 से लागू होंगी। प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन की अध्यक्षता में स्मारक समिति की प्रबंध समिति की बैठक में कई फैसलों को मंजूरी दी गयी है। करीब 9 साल बाद रेट बढ़ेंगे। इससे पहले वर्ष 2013 में प्रबंध समिति ने रमाबाई आम्बेडकर मैदान व अन्य सम्बद्ध क्षेत्र के अंतर्गत स्थलों का आवंटन के लिए दरें निर्धारित की थीं। मान्यवर कांशीराम जी सांस्कृतिक स्थल (स्मृति उपवन) की दरें अभी 1,08,000 रुपये प्रतिदिन निर्धारित है, इसे बढ़ाकर 3 लाख रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है। इसी तरह डोरमेट्री व रैन बसेरा




का आवंटन 60 हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से निर्धारित है, इसे बढ़ाकर 1.14 लाख रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है। रमाबाई आम्बेडकर मैदान, रैली स्थल, जिसमें 5 एकड़ व पी-1 पार्किंग का आवंटन 1.32 लाख से बढ़ाकर 3.50 लाख रु प्रतिदिन कर दिया गया है। बसों के लिए पी पार्किंग की दरें 24 हजार रु से बढ़ाते हुए 50 हजार रुपए कर दी गयी हैं। बढ़ी दर में जीएसटी शामिल नहीं है। उसके लिए अलग से भुगतान करना होगा। ऐसे में 3 लाख की बुकिंग के बाद करीब 54 हजार रुपए जीएसटी का देना होगा। नई प्रस्तावत दरों को स्मारक समिति की प्रबंध समिति ने स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्णय लिया है कि प्रत्येक वर्ष के अंतराल पर एक अप्रैल से 10 प्रतिशत की वृद्धि भी होगी।

1090 चौराहे के पार्किंग साइड एरिया में फूड जोन विकसित होगा। अभी यहां पर पटरी दुकानदार इधर-उधर अपनी अस्थाई दुकानें लगाते है। इस वजह से कई बार लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए ही स्मारक समिति की ओर से खण्ड एक पार्किंग में फास्ट फूड आदि की बिक्री के लिए ठेला व स्टाल के लिए मंजूरी दे दी गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कबड्डी में जीआईसी व वालीबाल में भागवत विजेता

**बांदा।** सिमौनी गांव स्थित मौनी बाबा धाम में रविवार को कबड्डी और वॉलीबॉल के फाइनल मैच खेले गए। कबड्डी का फाइनल मैच राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) बांदा ने जीता। उसने गोयरा मुगली टीम को 36-28 के अंतर से हराया। उधर, वॉलीबॉल के फाइनल में भागवत प्रसाद एकेडमी ने बांदा की टीम को 25-20 व 25-23 अंकों के अंतर से पराजित कर दिया। क्रीड़ाधिकारी शैलेंद्र कुशवाहा ने दोनों खेलों की विजेता और उप विजेता टीमों और आकर्षक प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्हें शील्ड और प्रमाणपत्र बांटे गए। फाइनल मुकाबलों में दर्शकों की खासी भीड़ रही। दर्शक खिलाड़ियों की हौसला आफजाई करते रहे।

### दलित महिला के साथ छेड़खानी, शिकायत पर पीड़िता को थाने से भगाया

**लखनऊ(यूएनएस)।** बख्शी का तालाब क्षेत्र में एक दलित महिला के साथ होमगार्ड ने दिनदहाड़े छेड़छाड़ कर दी। मामला 5 दिन पहले का है। महिला थाने में शिकायत लेकर पहुंची तो उसे फटकार कर भगा दिया गया। बीकेटी थाने में शिकायत करने पर महिला को फटकार लगाकर भगा दिया गया। पीड़िता ने इसकी शिकायत डीसीपी नार्थ से की जहां ने आदेश किया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 दिसंबर को शौचालय के लिए जा रही एक दलित महिला के साथ होमगार्ड ने छेड़खानी की। महिला किसी तरीके से होमगार्ड के चुंगल से छूटकर घर पहुंची और पति को जानकारी दी। महिला ने इसकी सूचना 112 नंबर पर भी दी। जहां घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का वीडियो तथा महिला का बयान भी लिया। पीड़ित महिला ने बीकेटी थाना में एक लिखित तहरीर दी। पुलिस ने उसकी एक न सुनी और झूठी प्राथमिकी कहकर फटकार लगाते हुए वापस कर दिया। महिला ने डीसीपी उत्तरी को तहरीर दी। उन्होंने उस पर जांच कराकर उचित कार्रवाई के लिए लिखा है। अब तक बीकेटी थाना में रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई है। वही पीड़िता को आरोपी धमकियां दे रहा है। जिससे पीड़िता का परिवार और पति सहमे हुए हैं। पीड़िता का आरोप है कि चूंकि होमगार्ड बख्शी के तालाब थाना में ही तैनात है जिसके चलते तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया जा रहा है। महिला प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगा रही है।

### गंगा कटान से बरौना को बचाने की चुनौती

**लखनऊ(यूएनएस)।** कासगंज में धारा के निशाने पर बरौना गांव तीन ओर से गंगा के पानी से कटान के बाद घिर गया। खेती की जमीन तो गंगा में समा गई। आबादी बचाने की चुनौती है। बरौना व तीन अन्य गांवो को बचाने के लिए 12 करोड़ रुपये लागत की कार्ययोजना तैयार है, जिससे इन गावों को बचाया जा सके। कार्य योजना को तकनीकी स्वीकृति है। वित्तीय स्वीकृति का इंतजार है। गंगा नदी में बाढ़ का जबरदस्त प्रकोप इस वर्ष रहा। कई बार गंगा में उफान आया और पटियाली तहसील का पांच हजार की आबादी वाला गांव गंगा के निशाने पर रहा।डेढ़ माह तक गांव के आबादी क्षेत्र को बचाने की कवायद चलती रही। आबादी का काफी क्षेत्र बचा लिया, लेकिन खेतीबाड़ी की जमीन नहीं बच सकी। आगामी समय में आबादी क्षेत्र को बचाने की बड़ी चुनौती सिंचाई विभाग के सामने है। इसके लिए कवायद शुरू है। बरौना गांव से गंगा की धारा परिवर्तित करने के लिए ड्रेन बनाकर धारा को परिवर्तित किया जाएगा और स्थायी स्टड लगाए जाएंगे। बरौना के साथ ही शहबाजपुर, मेहोला और नगला शंभू पर भी गंगा के पानी के दबाव से कच्चे बांध कटे। बांधों का नवीनीकरण और स्टड बनाकर गंगा की धारा से सुरक्षित किया जाएगा। ये तीनों गांव काफी संवेदनशील हैं। इन गांव तक गंगा के उफान की दस्तक होने पर आसपास के 50 अन्य गांव भी प्रभावित हो सकते हैं। आशंका को देखते हुए इन संवेदनशील तीन गांव के लिए सिंचाई विभाग ने कार्ययोजना बनाई है, जिसकी तकनीकी स्वीकृति हो चुकी है। वित्तीय स्वीकृति का इंतजार है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के मुताबिक कटान पीड़ित गांव बरौना व अन्य गांवों को गंगा कटान से बचाने के लिए कार्ययोजना को तकनीकी स्वीकृति मिली है, लेकिन वित्तीय स्वीकृति का इंतजार है। बजट मिलते ही काम शुरू हो सकता है।

### युवती ने लगाई फांसी,कुछ दिन पहले युवती की तय हो गई थी शादी

**उरई/जालौन(यूएनएस)।** जालौन में 18 वर्षीय एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। युवती की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की परिजनों ने कुछ दिन पहले ही शादी तय की। वही पुलिस आत्महत्या के कारण जानने में जुटी है। घटना आटा थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होरी की है। यहां के रहने वाले विष्णु की 18 वर्षीय पुत्री शैलू ने संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार को फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या से पहले वह शनिवार को उरई किसी काम से गई थी। वापस आने पर वह काफी निराश थी। आज सुबह घर के लोगों ने देखा तो शैलू का कमरा बंद था। जब परिजनों ने उसके दरवाजे को खटखटाया मगर अंदर से कोई आहट न मिलने पर उन्हें सन्देह हुआ, जिस पर परिजनों ने कड़ी मशक्कत करने के बाद दरवाजे को तोड़कर खोला तो सामने शैलू का शव फंदे पर लटका हुआ था, जिसे देख परिजनों के होश उड़ गये। इस घटना के बाद घर में मातम छा गया और उनका रोना पीटना मच गया। जिसके बाद पड़ोसियों की भीड़ जमा हो गई जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक शैलू की शादी तय हो गई थी और गर्मियों में उसकी शादी होनी थी। मृतक की एक बड़ी बहन की शादी पहले ही हो चुकी थी। वहीं इस घटना के बाद पिता विष्णु और भाई निखिल का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं इस मामले में आटा थाना प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मौत का कारण अभी स्पष्ट नही हो सका है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### आरएसएस कार्यवाहक पर गोली चलाने वाले का पोस्टर जारी

**अलीगढ़(यूएनएस)।** आरएसएस के नगर कार्यवाहक पर गोली चलाने वाले आरोपियों के पुलिस ने पोस्टर जारी कर दिए हैं। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की गाड़ी पहचान ली और फिर उसमें बैठे दोनों आरोपियों के भी सीसीटीवी पुलिस को मिल गए। जिसके बाद पुलिस ने सफेद बुलेरो और इसमें सवार दोनों आरोपियों के फोटो जारी किए हैं। इसके साथ ही इनकी सूचना देने वालों को इनाम भी देने की घोषणा की है। आरोपियों की जानकारी होने पर पुलिस अधिकारियों के जारी किए गए नंबरों पर सूचना दे सकते हैं, उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। मडराक थाना क्षेत्र निवासी नवनीत कुमार मडराक के दाऊजी नगर के आरएसएस नगर कार्यवाह हैं। वह अपनी सासनीगेट के हाथरस अड्डे स्थित दुकान बंद करके शुक्रवार को बाइक से घर जा रहे थे। देर रात मुकुंदपुर गांव के नजदीक मडराक टोल प्लाजा पर पहुंचे थे कि पीछे से एक बुलेरो ने उन्हें ओवरटेक किया और रोक लिया। बुलेरो से दो बदमाश उतरे और उन्होंने नवनीत को रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। इसके बाद दोनों ने उनके ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। नवनीत बाइक छोड़कर खेतों की ओर दौड़े, लेकिन एक गोली उनकी पीठ में जा धंसी थी। जिसके बाद उन्होंने अपने भाई को फोन करके बुलाया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं आरोपी मौके से फरार हो गए थे। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के फोटो जारी किए हैं। अलीगढ़ के साथ ही हाथरस, एटा, कासगंज, बुलंदशहर पुलिस से भी संपर्क किया गया है। इसके साथ ही आरोपियों के फोटो भेज दिए गए हैं।

# वेदांता टैलेंट हंट विजेता उदयपुर की वसुधा और राजसमंद के विनोद के सुरों पर झूमें श्रोता

## वसुधा ने वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल के तहत् वेदांता टैलेंट हंट में बतौर प्रतिभागी हिस्सा लिया

एजेंसी



**उदयपुर।** एण्ड दीस और स्वरचित गीत तेरे बीन की सुर लहरियों को जब उदयपुर की वसुधा ने गिटार पर सुरों के साथ अपने सुर छेड़े तो फतह सागर की लहरों के साथ वहां मौजूद हर एक शख्स उनके गीतों के साथ ही तालियों से उनका साथ देने लगा। वसुधा ने वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल के तहत् वेदांता टैलेंट हंट में बतौर प्रतिभागी हिस्सा लिया था और वे उदयपुर से इस प्रतियोगिता की विजेता थी। उन्होंने प्रस्तुति के बाद इस पल को गौरवमयी बताया और वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल और इसके संयोजक सहर को इस बेहतरीन अवसर और अंतर्राष्ट्रीय मंच के लिये धन्यवाद दिया। साथ ही राजसमंद से विजेता विनोद ने केसरिया तेरा और मैं तो तेरे रंग मे रंग चूका हूं गीत को अपने बुलंद सुरो से श्रोताओं तक पहुंचाया तो हर कोई उनके रंग में रंगा नजर आया।

सहर के संस्थापक निदेशक संजीव भार्गव ने बताया कि वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल में शनिवार को सजी संगीत की खरी-खरी दुपहरी में दिल्ली की भारतीय और पॉप शैली की कलाकार कामाक्षी खन्ना ने अपने बैंड के साथ इंटू द नाईट , ईफ आई कुड मीट यू फोर द फर्स्ट टाईम और क्यूं है दूर तू के साथ अपने गीत तेरे जैसा को जब अपनी मधुर आवाज में पेश किया तो कलाकारों के साथ वहां मौजूद हर संगीत प्रेमी का दिलों के तार खुद ब खुद छिड़ गये। कामाक्षी एसी कलाकार है जिनके संगीत से प्रेरणा मिलती है।

हिंदुस्तान जिंक और राजस्थान टूरिज्म के साझे में एवं सहर की संकल्पना और प्रोडक्शन में सजे इस संगीत के महाकुंभ वेदांता वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल में पुर्तगाल की फाडो म्यूजिक स्टार परफोरमर कात्या गुरेरियो ने जब अपने देश के संगीत को दर्शकों तक पहुंचाया तो भाषाओं की सीमा के बगैर उनके संगीत ने संगीत रसिकों को नई-ताजी, ऊर्जावान लहरों से लबरेज कर दिया।

संजीव भार्गव ने बताया कि शनिवार सुबह 8 बजे के सत्र में मांजी के घाट पर भारत के संगीतकारों के एक प्रसिद्ध परिवार से एक युवा वायलिन वादक नंदिनी शंकर ने अपने सुरों से सुबह की ताजगी और गुनगुनी धूप को श्रोताओं के दिल में उतार दिया। नंदिनी शंकर ऐसी वायलिन वादक हैं जो हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत और फ्यूजन में अपनी प्रस्तुती देती हैं।

## गहलोत ने वेदांता पिंकसिटी हॉफ मैराथन को किया रवाना



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वेदांता पिंकसिटी हॉफ मैराथन को आज सुबह यहां हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री गहलोत ने राज्य सरकार के 'कोई भूखा ना सोए' संकल्प को साकार करती वेदांता पिंकसिटी हॉफ मैराथन को सुबह साढ़े छह बजे अल्बर्ट हॉल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने धावकों से हाथ मिलाकर आगे बढ़ते रहने के लिए उत्साहवर्धन किया। 'रन फॉर जीरो हंगर' थीम पर आयोजित मैराथन में तीन श्रेणी 21, 10 व 5 किलोमीटर में धावकों ने दौड़ पूरी की। उन्होंने 'कोई भूखा ना सोए', 'निरोगी राजस्थान' और आगे बढ़ने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि इस मैराथन में सभी धावक मिलकर जितने मीटर दौड़े हैं, आयोजक समूह की ओर से उतने जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया जाएगा। इस अवसर पर श्रम राज्य मंत्री सुखराम विश्नोई, वेदांता समूह व आयोजन से जुड़ी प्रिया अग्रवाल हेब्बर, श्री आकर्ष हेब्बर, रितु झिंगन और डॉ. मनोज सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## यूनान संसद ने राज्य के 2023 बजट को मंजूरी दी



एजेंसी


**एथेंस।** यूनान की संसद ने 2023 के राज्य के बजट की पुष्टि की है। इसमे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1.8 प्रतिशत की वृद्धि और वर्ष के लिए 5 प्रतिशत मुद्रास्फीति की दर का अनुमान लगाया गया है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अक्टूबर में दिए गए क्रमशः 2.1 प्रतिशत और 3 प्रतिशत के प्रारंभिक अनुमानों को ऊर्जा संकट के कारण वैश्विक स्तर पर जारी बड़ी अनिश्चितता के बीच संशोधित किया गया है।

बजट के अनुसार वर्ष 2022 सकल घरेलू उत्पाद की 5.6 प्रतिशत की वृद्धि और 9.7 प्रतिशत की मुद्रास्फीति के साथ समाप्त होगा। इसे 300 सदस्यीय मजबूत बैठक में 156 सांसदों के मतों के साथ पारित किया गया।

प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने मतदान से कुछ समय पहले एक भाषण में कहा, ÷आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण और साहसिक सुधार ये हमारे बजट में व्याप्त सिद्धांत हैं। यूनान के सरकारी प्रसारण में प्रधानमंत्री के हवाले से कहा गया कि राज्य ने 15.1 अरब यूरो (16 बिलियन यूएस डॉलर) से अधिक की बढ़ी हुई लागत का सामना करने के लिए समाज का समर्थन किया है, जबकि 2023 में और अधिक समर्थन उपायों की शुरुआत की जाएगी।

## बुजुर्गों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं चीन के नर्सिंग होम

एजेंसी




**नई दिल्ली।** चीन में सरकार की ओर से जीरो-टालरेंस वायरस पॉलिसी में ढील दिए जाने के कारण कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रकोप काफी बढ़ गया है और यहां के नर्सिंग होम इस समय बुजुर्ग नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए एक कठिन लड़ाई लड़ रहे हैं।

चिकित्सा केंद्रों ने अपने आप को बाहरी दुनिया से अलग-थलग कर रखा है और कर्मचारी कार्यस्थल पर ही सो रहे हैं। चिकित्सा केंद्र दवाओं के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं।

उधर, अधिकारियों ने इस संक्रमण के तेजी से बढ़ते मामलों को लेकर चेतावनी जारी की है। उद्योग मंत्रालय के अधिकारी झोउ जियान ने बुधवार को कहा कि देश प्रमुख दवाओं के उत्पादन में तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। विशेषज्ञों को डर है कि सरकार की ओर से दी गयी ढील के बाद लोगों की आवाजाही बढ़ेगी और संक्रमण तेजी से फैलेगा क्योंकि लाखों कमजोर बुजुर्ग लोगों का अभी भी पूरी तरह से टीकाकरण नहीं किया गया है।

नाम नहीं छापने की शर्त पर एक प्रबंधक ने एक न्यूज एजेंसी से कहा,÷ हम पूरी तरह सीलबंद हैं। केवल भोजन और आपूर्ति की अनुमति है। किसी को भी प्रवेश करने या बाहर जाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने बताया कि परिजनों ने 'उच्च कीमत पर' खरीद कर चिकित्सा सामग्री की आपूर्ति करने को कहा था, लेकिन वे एक सप्ताह के बाद भी नहीं पहुंचे। शहर के रसद नेटवर्क के साथ डिलीवरी श्रमिकों के बीच संक्रमण से पस्त हो गया है।

उन्होंने चेतावनी दी कि वायरस को हमेशा के लिए बाहर रखना असंभव होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि वायरस को हमेशा के लिए समाप्त करना असंभव होगा। उन्होंने कहा, ÷कूरियर और डिलीवरी कर्मी लगभग सभी कोविड-19 की चपेट में हैं। उन्होंने कहा, ÷अगर आप सभी बाहरी पैकेजिंग, साथ ही प्लास्टिक पैकेजिंग को कीटाणुरहित कर देते हैं या फेंक देते हैं, तो भी इससे नहीं बच सकते हैं क्योंकि आप अंदर आने वाले सभी खाद्य पदार्थों पर कीटाणुनाशक का छिड़काव नहीं कर सकते। स्थानीय सरकार के निर्देशों के बाद कई चीनी एल्डरकेयर सुविधाओं को पहले ही हफ्तों के लिए बंद कर दिया गया है। चीन का राजधानी बीजिंग स्थिति यूचेंग सीनियर होम ने कहा कि पिछले हफ्ते तक इसे लगभग 60 दिनों के लिए बंद कर दिया गया था। शंघाई स्थित जियांगफू नर्सिंग होम ने कहा,÷ हम इसे इस सप्ताह तक बंद रखेंगे। सभी कर्मचारियों को साइट पर सोने के लिए मजबूर करेंगे और हर दिन कर्मचारियों का न्यूक्लिक एसिड टेस्ट देगा। होम ने अपने बयान में कहा, ÷जैसा कि समाज रोकथाम और नियंत्रण नीतियों का अनुकूलन करता है, हमारे घर को विशेष रूप से उच्च सतर्कता बनाए रखनी चाहिए।

## भारत ने बंगलादेश को 188 रन से रौंदा




एजेंसी

**चटग्राम।** भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मुकाबला 188 रन से जीत लिया है। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस मैच में भारत के लिए चेतेश्वर पुजारा, शुभमन गिल और कुलदीप यादव ने कमाल का प्रदर्शन किया। सीरीज का दूसरा मैच 22 दिसंबर से शुरू होगा। बांग्लादेश की दूसरी पारी 324 रन पर सिमट गई। अक्षर पटेल ने तैजुल इस्लाम को क्लीन बोल्ड करके बांग्लादेश की पारी समाप्त की। इसके साथ ही भारत ने यह मैच 188 रन के बड़े अंतर से जीत लिया है। बांग्लादेश में रनों के लिहाज से यह भारत की सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को यह मैच जीतना जरूरी था और भारत ने जीत के साथ टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तरफ एक कदम बढ़ा दिया है। अब भारत को अपने बाकी पांच टेस्ट में से चार में जीत हासिल करनी है। भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 404 रन का स्कोर बनाया। पुजारा 90, श्रेयस अय्यर 86 और रविचंद्रन अश्विन 58 रन बनाकर आउट हुए। पंत और कुलदीप ने भी अच्छा योगदान दिया। बांग्लादेश के लिए तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज ने चार-चार विकेट लिए। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 150 रन ही बना पाई। मुश्फिकुर रहीम ने सबसे ज्यादा 28 और मेहदी हसन ने 25 रन बनाए। भारत के लिए कुलदीप यादव ने पांच और मोहम्मद सिराज ने तीन विकेट लिए। दूसरी पारी में शुभमन गिल के 110 और चेतेश्वर पुजारा के 102 रन की बदौलत भारत ने दो विकेट पर 258 रन बनाए। पुजारा के शतक के साथ ही कप्तान राहुल ने पारी घोषित कर दी। दूसरी पारी में बांग्लादेश के खालेद अहमद और मेहदी हसन ने एक-एक विकेट लिया। भारत ने कुल 512 रन की बढ़त के साथ दूसरी पारी घोषित की और जीत के लिए बांग्लादेश के सामने 513 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 324 रन ही बना पाई और 188 रन के अंतर से यह मैच हार गई। बांग्लादेश के लिए जाकिर हसन ने शतक लगाया, शाकिब ने 84 और शान्तो ने 67 रन बनाए। भारत के लिए अक्षर पटेल ने चार और कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए। बाकी सभी गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला।

## दो दिन में खत्म हुआ गाबा टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया जीती




**ब्रिस्बेन।** कप्तान पैट कमिंस (सात विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के अविश्वसनीय प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से मात दी। गेंदबाजों के लिये मददगार पिच पर दक्षिण अफ्रीका 99 रन पर ऑलआउट हो गयी और ऑस्ट्रेलिया के सामने 34 रन का लक्ष्य रखा। ऑस्ट्रेलिया ने यह लक्ष्य दूसरे दिन चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। मैच के पहले दिन 15 विकेट गिरने के बाद दूसरे दिन भी कुल 19 विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत में पहली पारी को 145 रन से आगे बढ़ाते हुए 73 रन और जोड़े। ट्राविस हेड ने कंगारुओं के लिये सर्वाधिक 92 रन बनाये। हेड ने 96 गेंदों की अपनी पारी में 13 चौके और एक छक्का जड़ा। इसके अलावा कैमरून ग्रीन ने 18, एलेक्स कैरी ने 22 जबकि मिचेल स्टार्क ने 14 रन बनाये और ऑस्ट्रेलिया 218 रन पर ऑलआउट हो गयी।

पहली पारी में 66 रन से पिछड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में हथियार डाल दिये और पूरी टीम सिर्फ 99 रन पर सिमट गयी। खाया ज़ोन्डो ने 85 गेंदों पर छह चौकों के साथ 36 रन की पारी खेली लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला।

## महाराष्ट्र राज्य चक्रीय अर्थव्यवस्था पार्क पॉलिसी पर परिसंवाद

एजेंसी

**मुंबई ।** महाराष्ट्र सरकार के उद्योग विभाग और एमआरएआई ने संयुक्त रूप से रिसाइकलरों, नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों, एसपीसीबी, आईआईटी, नागरिक समाज संस्थाओं और विशेषज्ञों के साथ राज्य में चार प्रस्तावित चक्रीय अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकॉनॉमी-सीई) पार्क के लिए एक नीतिगत ढांचे के गठन हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया ताकि रिसाइकलिंग के दर में तेजी आ सके, प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा हो, पर्यावरण प्रदूषण को कम किया जा सके, रोज़गार के अधिक अवसरों का निर्माण हो और साल 2070 तक कार्बन न्यूट्रेलिटी के भारत के




संवहनीय विकास लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

राज्य के उद्योग एवं खान विभाग के प्रमुख सचिव हर्षदीप कांबले, एमआरएआई के अध्यक्ष संजय मेहता, एमआरएआई के सचिव अमर सिंह महाराष्ट्र राज्य चक्रीय अर्थव्यवस्था पार्क पॉलिसी परिसंवाद में मौजूद थे। कार्यक्रम में राज्य में चक्रीय अर्थव्यवस्था पार्क पॉलिसी विकसित करने की महाराष्ट्र सरकार की परियोजना के लिए नॉलेज पार्टनर के रूप में एमआरएआई की आधिकारिक रूप से घोषणा की गई।

महाराष्ट्र में प्रस्तावित चक्रीय अर्थव्यवस्था पार्क के लिए कच्ची सामग्री की उपलब्धता, लॉजिस्टिक्स, सामान्य इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं, अनुसंधान और विकास, उत्कृष्टता केंद्र, कौशल विकास केंद्र, राज्य एवं केंद्र सरकार से अनुदान, कचरा उठाने वालों की आय में वृद्धि कैसे करें, सिंगल विंडो क्लीयरेंस के साथ व्यापार करने में आसानी और अन्य संबंधित विषयों पर रिसाइकलिंग हितधारकों के सुझावों के बारे में चर्चा करना इस परिसंवाद का लक्ष्य था। श्री मेहता ने कहा, ÷प्रस्तावित सीई पार्क संपूर्ण आर्थिक विकास में सहायता करेगा और राज्य में ज़्यादा निवेश लाने का काम करेगा। इसके साथ ही यह रिसाइकलिंग के दर में वृद्धि लाने में सहायता करेगा। जल्द ही एक अध्ययन शुरू किया जाएगा ताकि कचरा, कचरा एकत्रित करने वाले और रिसाइकलर्स इत्यादि की जानकारी प्राप्त की जा सके। डाटा के आधार पर बैंक कर्ज़ उपलब्ध करा सकते हैं और सरकार अविकसित तबकों के विकास के लिए निधि दिए जाने पर विचार कर सकती है।

# देश-विदेश डायरी

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में थाने पर हमला चार पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तरी पश्चिम प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात एक पुलिस थाने पर आतंकवादियों के हमले में चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लक्की मारवात इलाके में देर रात करीब 00-30 बजे भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने पुलिस थाने पर धावा बोल दिया।, पुलिस की जवाबी कार्रवाई के बाद हमलावर मौके से फरार हो गये। हमले में चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गये। घायल पुलिसकर्मियों को समीप के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद पुलिस की टुकड़ी घटनास्थल पर पहुंची। फरार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान जारी है।

## फिलीपींस में आग लगने से सात लोगों की मौत

**मनीला।** फिलीपींस की राजधानी मनीला में रविवार सुबह दो मंजिला मकान में आग लगने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी। दमकलकर्मी यूजीन ब्रियोनेस ने बताया कि मुंतिनलूपा शहर में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब नौ बजे आग लगी और 23 मिनट बाद उस पर काबू पा लिया गया। प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जिस घर में आग लगी थी, उसमें 10 लोगों का परिवार रह रहा था। उन्होंने कहा कि दमकलकर्मी तीन अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं, जो लापता बताए जा रहे हैं। आग लगने के वक्त यह पता नहीं चल सका कि वे घर से बाहर थे या नहीं। उन्होंने कहा कि जब आग लगी, तो पीड़ित शायद सो रहे थे और बचने में नाकाम रहे। आग लगने की वजहों की जांच की जा रही है।

## लियो वराडकर आयरलैंड के नए प्रधानमंत्री होंगे

**डबलिन।** आयरलैंड के पूर्व उप प्रधानमंत्री और फाइन गेल पार्टी के नेता लियो वराडकर को आयरलैंड की संसद के निचले सदन में मतदान के बाद आयरलैंड का नया प्रधानमंत्री चुना गया है। शनिवार को हुये मतदान में सदन के कुल 87 सदस्यों ने नए प्रधानमंत्री के रूप में उनके नामांकन के पक्ष में मतदान किया जबकि 62 सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। आयरिश राष्ट्रपति माइकल डी. हिगिंस द्वारा नए प्रधान मंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद, वराडकर ने मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा की। कैबिनेट सदस्यों की एक सूची के अनुसार, पूर्व आयरिश प्रधान मंत्री और फियाना फेल के नेता माइकल मार्टिन नए उप प्रधान मंत्री और विदेश मामलों और रक्षा मंत्री बनेंगे, जबकि पूर्व विदेश मामलों और रक्षा मंत्री साइमन कोवेनी उद्यम ,व्यापार और रोजगार मंत्री बनेंगे। इसी प्रकार पूर्व वित्त मंत्री पास्चल डोनोहो सार्वजनिक व्यय और सुधार मंत्री होंगे जबकि पूर्व सार्वजनिक व्यय और सुधार मंत्री माइकल मैकग्राथ नए वित्त मंत्री के रूप में डोनोहो का स्थान लेंगे।

## ट्यूनीशिया में संसद भंग होने के बाद पहला विधायी चुनाव

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया में राष्ट्रपति कैस सैयद द्वारा मार्च में विधायी निकाय को भंग करने के बाद पहला संसदीय चुनाव हुआ। इस उत्तरी अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8 बजे से लोगों ने 4,551 मतदान केंद्रों और 11,310 मतदान बूथों पर मतपत्र डालना शुरू किया। मतदान शाम 6 बजे बंद हो गया और प्रारंभिक परिणाम रविवार और मंगलवार के बीच घोषित किए जाएंगे। संसद की 161 सीटों के लिए कुल 1,058 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा है। इस साल 30 मार्च को विधायी निकाय को भंग करने से पहले, सैयद ने ट्यूनीशियाई संसद को निलंबित कर दिया और जुलाई 2021 में सरकार को बर्खास्त कर दिया।

## अंपायरों ने पिच से संबंधित सवालों को नजरंदाज किया : एल्गर

**ब्रिस्बेन।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने गाबा टेस्ट सिर्फ दो दिन में खत्म होने के बाद पिच की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि जब उन्होंने यहां बल्लेबाजी करने के खतरे पर अंपायरों से सवाल किया तो उन्हें नजरंदाज किया गया। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को शुरू हुए टेस्ट में आज छह विकेट से विजय हासिल कर ली। साढ़े पांच सत्रों के इस मैच में सिर्फ 144.2 ओवर फेंके गये, जबकि आउट होने वाले 34 में से 26 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छूने में नाकाम रहे। एल्गर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷आपको खुद से सवाल करना होगा कि क्या यह हमारे प्रारूप का अच्छा प्रचार है? दो दिनों में 34 विकेट गिरना मेरे अनुसार एकतरफा मामला है। हम एक मैच को चार या पांच दिन तक चलता हुआ देखना चाहते हैं।उन्होंने कहा, ÷पिच पर पुरानी गेंद के साथ जैसा उछाल मिल रहा था, वह बल्लेबाजों को बेबस कर देता है। सिर्फ तीन बल्लेबाज ही रन बनाने में सफल रहे। मुझे नहीं लगता कि यह बहुत अच्छा टेस्ट विकेट था। एल्गर ने अंपायरों के साथ हुई बातचीत के बारे में कहा, ÷मैंने (दूसरी पारी में) अंपायरों से भी बात की। जब रबाडा ने (ट्राविस) हेड को बाउंसर पर आउट किया तब मैंने अंपायर से पूछा कि इस स्थिति को असुरक्षित कब माना जायेगा? उसके बाद आनरिक नॉर्खिया भी जो बाउंसर डाल रहे थे वे हमारे सिर के ऊपर से निकल रही थीं। मुझे पता था कि मैच खत्म हो चुका है, लेकिन इस समय पर अंपायरों को विवेक से काम लेना चाहिये था। एल्गर ने बताया कि उन्हें अंपायरों ने कोई जवाब नहीं मिला। एल्गर ने पिच को सुरक्षित या असुरक्षित कहने से भी गुरेज़ किया। उन्होंने कहा कि उनके बल्लेबाजों का मनोबल कम नहीं हुआ है और वह अगले टेस्ट से पहले अपनी गलतियों पर काम करेंगे।

## इंग्लैंड से टेस्ट सीरीज हारने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में बवाल

**कराची।** इंग्लैंड के खिलाफ दो घरेलू टेस्ट मैच गंवाने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में बवाल मचा हुआ है। दो मैच गंवाने के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज भी गंवा दी है। तीसरा टेस्ट कराची में जारी है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद रमीज राजा को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि बोर्ड के पूर्व सदस्यों के नेतृत्व में एक गुट ने रमीज को पीसीबी अध्यक्ष के पद से हटाने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इस गुट का दावा है कि पर्दे के पीछे कोई खेल खेला जा रहा है। देश के कानून मंत्रालय ने पीसीबी में बदलाव के लिए बोर्ड के संरक्षक प्रधानमंत्री से मुलाकात की है। पीसीबी के एक अधिकारी ने बताया- हां, कुछ तो चल रहा है। अफवाहें जारी हैं कि नजम सेठी ने हाल ही में लाहौर में एक समारोह में प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। ऐसे में रमीज को पीसीबी चीफ के पद से हटाया जा सकता है। रमीज सितंबर 2021 से पीसीबी अध्यक्ष के पद पर काबिज हुए थे। तब उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने नामित किया था। जब इमरान की पार्टी ने 2018 के आम चुनावों में अधिकांश सीटें जीतीं, तो नजम सेठी ने पीसीबी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। पीसीबी बोर्ड के संविधान के मुताबिक, प्रधानमंत्री ही अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारों को नामांकित करता है। इसके बाद उनमें से किसी एक को %बोर्ड ऑफ गवर्नर्स% बतौर अध्यक्ष चुनता है। इसी तरह रमीज पीसीबी अध्यक्ष बने थे।हालांकि, शाहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने के बाद रमीज अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रहे थे। इस पर पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटर्स ने ही रमीज पर कई आरोप लगाए थे। मोहम्मद आमिर ने यहां तक कहा था कि रमीज ने इमरान से वादा किया था कि जिस दिन वह प्रधानमंत्री पद से हटेंगे तो रमीज भी अपनी कुर्सी छोड़ देंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

CMYK



# उर्फी जावेद आए दिन अपने अतरंगी कपड़ो को लेकर सुर्खियां बटोरती रहती



ट्रेंड हुआ एक्ट्रेस का ये अद्भुत लुक छोटे परदे की फेमस फैशन डिजाइनर कही जाने वाली उर्फी जावेद आए दिन अपने अतरंगी कपड़ो को लेकर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। वही उर्फी हमेशा इस बात के लिए ट्रोल होती है की वो भरपूर कपडे नहीं पहनती हैं। लेकिन इस बार कुछ अलग ही देखने को मिला जहां उर्फी भरपूर कपडे में नजर आ रही हैं। लेकिन इसके बाद भी एक्ट्रेस को यूजर्स जमकर ट्रोल करते हुए दिख रहे हैं। दरअसल अदाकारा ने हाल ही म सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें एक्ट्रेस उर्फी जावेद वी शेप वाले टॉप में नजर आ रही हैं। साथ ही एक्ट्रेस के इस टॉप में एक बड़ा सा कॉलर है। अदाकारा का ये फुल स्लीव टॉप देख हर कोई सोच रहा है कि भला ये बदलाव कैसे हुआ।अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए गए इस वीडियो में अदाकारा उर्फी जावेद स्टूल पर बैठी दिख रही हैं। साथ ही अदाकारा ने अपने इस यैलो टॉप के साथ व्हाइट कलर की पैंट कैरी की है। इसके साथ अदाकारा हाई हील वाली गोल्डन सैंडल पहने दिख रही हैं। वही अब उर्फी के इस अतरंगी कपड़ो पर यूजर्स जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। जहां कुछ लोग तो उर्फी के इस कपड़ो की तारीफ करते दिख रहे है। तो वही कुछ लोग इसके लिए एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल भी कर रहे हैं। और उर्फी को खूब खरी-खोटी सुनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वही यह पहली बार नहीं है जब उर्फी के ड्रेस पर इस तरह के कमेंट किया जा रहा हैं। बल्कि उर्फी के फोटो अपलोड करते के साथ ही यूजर्स इसी तरह के कमेंट करते हुए नजर आते हैं। अदाकारा उर्फी जावेद के इस वीडियो पर लोग तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। एक इंटरनेट यूजर ने कमेंट कर कहा, ये क्या तिरपाल पहन लिया है। जबकि एक इंटरनेट यूजर ने लिखा, ये आज समोसा बनकर क्यों बैठी है आज? तो वही एक यूजर ने कमेंट कर लिखा की- यह किस की लंगोट गले में डाल ली हैं। तो वही कुछ लोग उर्फी की तारीफ करते हुए लिख रहे है की-लगता है उर्फी सुधर गयी है तो वही एक यूजर ने लिखा- आज अजीब तो नहीं लग रहा उर्फी पुरे कपड़े में। वही इस तरह के ढेरो अजीबो-गरीब कमेंट एक्ट्रेस की तस्वीर पर देखने को मिल रही हैं।

# आलिया भट्ट राहा को ब्रेस्टफीड करतीं आलिया की फोटो हुई वायरल!

आलिया भट्ट के लिए साल 2022 उनकी जिंदगी का सबसे खास दिन रहा है. शादी से लेकर पहली बार पैरेंट बनने के सफर तक, सब कुछ एक्ट्रेस के लिए नए और चैलेंज से भरे अनुभव (श्व×श्चद्गह्म्द्बद्गठ्ठष्द्ग) लेकर आया है. ऐसे में आलिया भट्ट की एक फोटो काफी तेजी से सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रही है।

**सुर्खियों में है तस्वीर**

इस फोटो में नई-नई मां बनीं आलिया भट्ट को ब्रेस्टफीड करते हुए देखा जा सकता है. लेकिन सवाल ये उठता है कि क्या इस फोटो में वाकई में आलिया भट्ट और उनकी बेटी राहा हैं. वैसे तो आलिया (ड्डद्यद्बड्ड ड्ढद्धड्डह्लह्ल) सोशल मीडिया पर अपने इस नए सफर की कुछ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं लेकिन ये तस्वीर उन्होंने शेयर नहीं की है।

**आलिया भट्ट की मॉर्फ्ड फोटो**

बता दें कि अब तक रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी (ऋड्डद्धड्ड चड्डश्चश्शह्म्) का चेहरा दुनिया को नहीं दिखाया गया है. इस फोटो में रेड साड़ी पहनीं आलिया भट्ट की गोदी में एक बच्चे को देखा जा सकता है. यकीन मानिए फोटो के सच के बारे में जानकर आपको भी जोर का झटका जोरों से लगने वाला है. आपको बता दें कि ये तस्वीर फेक है. पहले आप ये देख लीजिए कि इस तस्वीर को कहां से पिक किया गया है...

**जानें इस फोटो के पीछे का सच**

दरअसल इस तस्वीर में लोग जिसे आलिया भट्ट समझ रहे हैं, वो एक्ट्रेस की तरह दिखने वाली एक महिला है. गूगल इमेज की मदद से जब वायरल फोटो का सच पता करने की कोशिश की गई, तो हमें ये तस्वीर मिली जिसे देखने के बाद आपको भी सच्चाई पता चल गई होगी. आपको बता दें कि इस फोटो को बेबी सेंटर डॉट इन की वेब साइट पर डाला गया था।

# मैं बुरी एक्टर नहीं हूं.., ऑडिशन में बार-बार रिजेक्ट होने पर छलका सलमान की भाभी का दर्द



अगर आपके अंदर खूब सारा टैलेंट है, फिर भी आप रिजेक्ट हो जा रहे हैं तो कैसा महसूस होगा, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। कुछ ऐसा ही हो रहा है सलमान खान की ऑनस्क्रीन भाभी यानि रेणुका शहाणे के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। रेणुका शहाणे का कहना है कि इन दिनों उन्हें ऑडिशन में अक्सर रिजेक्शन झेलना पड़ रहा है। रेणुका ने यह भी बताया कि ऐसा हो क्यों रहा है। बता दें कि इन दिनों रेणुका शहाणे फिल्म गोविंदा नाम मेरा में अपने किरदार को लेकर सुर्खियों में हैं। एक इंटरव्यू के दौरान रेणुका ने बताया कि वह अपने रिजेक्ट होने की प्रक्रिया को समझ नहीं पा रही हैं। दरअसल ऑडिशन के बाद रिजेक्ट होना बहुत बार हुआ है। मैं अपने डायरेक्टर से अपने कैरेक्टर को समझना चाहती हूं, लेकिन इन दिनों कास्टिंग डायरेक्टर्स के असिस्टेंट ये काम करते हैं, लेकिन मैं इस तरीके को समझ नहीं पाती हूं। इसलिए ऑडिशन में रिजेक्ट हो जाती हैं। रेणुका का कहना है कि मैं इन ऑडिशन में अपना सौ फीसदी नहीं दे पा रही हूं। लेकिन रिजेक्शन को मैं सीरियसली नहीं लेती हूं। और न ही ये समझती हूं मैं एक खराब एक्टर हूं। मैं भी एक डायरेक्टर हूं और मुझे अलग-अलग तरह के एक्टर्स मिलते हैं। मुझे ये पता है कि यह एक्टिंग के बारे में नहीं है, लेकिन शायद वह एक्टर उस कैरक्टर के करीब नहीं है।

# अवॉर्ड शो में इतने बोल्ड कपड़े पहनकर पहुंचीं अंकिता लोखंडे



टीवी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस अंकिता लोखंडेकुछ समय पहले अपने पति विक्की जैन के साथ एक अवॉर्ड शो में पहुंची थीं. इस दौरान विक्की और अंकिता बहुत ही शानदार लग रहे थे. हालांकि, अवॉर्ड शो के लिए अंकिता लोखंडे ने ऐसी ड्रेस चुनी कि उसे संभालना एक्ट्रेस के लिए बहुत ही मुश्किल हो गया था. जैसे ही अंकिता पति के साथ अपनी लग्जरी कार से उतरी तो उन्हें अपनी ड्रेस संभालने में काफी परेशानी हुई. अब अंकिता और विक्की का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. एक अवॉर्ड शो के लिए अंकिता ने ग्रीन कलर की खूबसूत शिमरी ड्रेस बॉडीकोन ड्रेस पहनी हुई थी. लेकिन उनकी ड्रेस का गला इतना ज्यादा डीप था कि इस वजह से उन्हें गाड़ी से उतरने में बहुत मशक्कत करनी पड़ी. आप वीडियो में देख सकते हैं कि अंकिता लोखंडे जैसे ही गाड़ी से उतरने लगती हैं तो वो अपनी ड्रेस के गले पर हाथ रख लेती हैं. इस वीडियो के सामने आने के बाद कई लोग अंकिता को ट्रोल भी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग अंकिता को उनके बोल्ड लुक की वजह से ट्रोल कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा- जब संभाली नहीं जाती तो क्यों पहनती हो? इसके अलावा एक और यूजर ने लिखा- शादी के बाद बोल्ड हो गई हैं अंकिता. आपको बता दें कि अंकिता ने विक्की जैन के साथ पिछले साल 14 दिसंबर को शादी की थी. हाल ही में कपल ने अपनी पहली एनिवर्सरी सेलिब्रेट की है. दोनों की शादी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं. इसके अंकिता सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और फैंस के साथ अपनी जिंदगी के खूबसूरत पहलुओं को भी शेयर करती हैं.

# कोरोना, मंकीपॉक्स और टोमेटो फीवर के बाद अब एक और वायरस का खतरा मंडरा रहा



बच्चों के लिए ये साल बहुत भारी रहा है। आए दिन कोई ना कोई नए वायरस की जानकारी सामने आ रही है, जो बच्चो के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं। कोरोना, मंकीपॉक्स और टोमेटो फीवर के बाद अब एक और वायरस का खतरा मंडरा रहा है। इन दिनों पूरे ब्रिटेन में स्ट्रेप ए इंफेक्शन तेजी से फैल रहा है। छोटे बच्चों में फैल रहे इस वायरस को देखते हुए माता-पिता और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

**क्या है ये वायरस**


चिंता की बात यह है कि ब्रिटेन में स्ट्रेप ए संक्रमण की वजह से 10 साल से कम उम्र के लगभग 15 बच्चों की मौत हो चुकी है। इस पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) ने भी चिंता जताई है। स्ट्रेप ए स्ट्रेप्टोकॉकल ए बैक्टीरिया के संक्रमण से होता है, इसे ग्रुप ए स्ट्रेप भी कहते हैं. स्ट्रेप ए इंफेक्शन गले या स्किन से शुरू होता है जो कभी-कभी स्कारलेट फीवर यानी बुखार में तब्दील हो जाता है। अगर बैक्टीरिया खून में पहुंच जाए तो इससे गंभीर बीमारी लग जाती है जो घातक भी हो सकती है

सीडीसी कर रहा है जांच यही कारण है कि रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र ने हेल्थ वार्निंग जारी करते हुए माता-पिता को सतर्क रहने को कहा है। दरअसल (सीडीसी) बच्चों के बीच आक्रामक संक्रमण के मामलों में एक संभावित स्पाइक की जांच कर रहा है। सीडीसी नेक्रोटाइजिंग फासिसाइटिस और स्ट्रेप्टोकोकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम के शुरुआती लक्षणों से परिचित होने की भी सिफारिश करता है।

**इस साल बिगड़े हालात**

एरिजोना, कोलोराडो, टेक्सास और वाशिंगटन में बच्चों के अस्पतालों ने बताया कि वे पिछले वर्षो की तुलना में इस मौसम में औसत से अधिक मामले देखने को मिल रहे हैं। यूके में सितंबर के मध्य से आक्रामक समूह ए स्ट्रेप से कम से कम 15 बच्चों की मौत हुई। यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी पिछले हफ्ते एक एडवाइजरी में कहा नए साल में मामलों में तेजी से वृद्धि होती है, लेकिन ऐसा लगता है कि उम्मीद से पहले ही इसमें तेजी आ गई है। सीडीसी के अनुसार, हर साल गैर-आक्रामक समूह ए स्ट्रेप होता है, लेकिन सालाना लगभग 14,000 से 25,000 मामलों में आक्रामक संक्रमण दुर्लभ होता है। हर साल 1,500 से 2,300 के बीच लोग आक्रामक संक्रमण से मर जाते हैं।

# डायबिटीज में इम्यूनिटी को बढ़ाने के लिए अपनी जीवनशैली में करें ये पांच बदलाव




डायबिटीज से ग्रसित लोगों को हर दिन बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है. डायबिटीज पर काबू पाने और ब्लड शुगर लेवल को सामान्य बनाने के लिए अक्सर डॉक्टर्स के पास जाना पड़ता है. इसके अलावा इलाज के दौरान बहुत सारी दवाएं, ब्लड शुगर लेवल की रोज निगरानी और आहार के साथ-साथ लाइफ स्टाइल में ढेरों बदलाव करने पड़ते हैं. इस सब के बीच इम्यूनिटी कम होने का खतरा भी बढ़ जाता है जिसके चलते आप आसानी से दूसरे इन्फेक्शन्स की चपेट में भी आ सकते हैं. लेकिन इस दौरान आहार और जीवनशैली में कुछ बदलाव लाने से न केवल ब्लड शुगर लेवल को बनाए रखने में मदद मिल सकती है बल्कि यह आपकी इम्यूनिटी को मजबूत कर, अन्य प्रकार के इन्फेशन्स के खतरे को भी कम कर सकता है।

**शराब और धूम्रपान छोड़ें**

धूम्रपान और शराब पीने से आपकी इम्यूनिटी पर भारी प्रभाव पड़ता है और अगर आप डायबिटीज से ग्रसित है तो इसके परिणाम और भी खतरनाक हो सकते हैं. दोनों स्वस्थ रक्त संचार (ब्ध्envelope) में बाधा डालते हैं. इस दौरान डायबिटीज से ग्रसित लोगों को ब्लड शुगर लेवल बनाए रखने में मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है. यह इंफेक्शन के जोखिम को भी बढ़ा सकता है. यदि आप धूम्रपान या शराब का सेवन अधिक करते हैं, तो आपको इसे कम करना होगा. इसे छोड़ने के लिए आप प्रोफेशनल्स से सलाह ले सकते हैं।

**संतुलित आहार लें**

संतुलित आहार डायबिटीज को कंट्रोल में रखने और इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है. ऐसा आहार ले, जिसमें प्रोटीन, कार्ब्स, आयरन आदि जैसे पोषक तत्व सही मात्रा में हों. इस दौरान खाने के लिए एक उचित शेड्यूल बनाए और चटपटे पकवानों की बजाय जितना हो सके हल्के स्नैक्स का सेवन करें. इसके अलावा समय पर दवा लेते रहे।

**डाबर च्यवनप्रकाश को अपनी दिनचर्या में शामिल करें**

हेल्थ सप्लीमेंट इम्युनिटी को बढ़ाने के प्रभावी तरीकों में से एक है. डाबर च्यवनप्रकाश एक आयुर्वेदिक हेल्थ सप्लीमेंट है जो डायबिटीज से ग्रसित लोगों की इम्युनिटी को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। यह एक सइंटिफिली रिसर्चड प्रोडक्ट है, जिसमें समय-समय पर परीक्षण की प्रक्रिया से गुजरी कई जड़ी-बूटियां मौजूद हैं. ये टीएनएफ-अल्फा, एनके सेल, और स्प्लेनोसाइट्स जैसे इम्यूनिटी कंपोनेंट्स की गतिविधि को बूस्ट कर प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। इसके कुछ अन्य फायदों में एनर्जी लेवल में बढ़ोतरी और जीवन की बेहतर गुणवत्ता शामिल है। इसलिए, आहार और जीवनशैली में जरूरी बदलाव के साथ अपनी दिनचर्या में डाबर च्यवनप्रकाश जरूर जोड़ें. यह इन्फेक्शन्स के जोखिम को कम कर डायबिटीज से ग्रसित लोगों की इम्यूनिटी को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है।

# एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर सुर्खियों में बनी



अक्षय कुमार की फिल्म गबर इज बैक के आइटम सॉन्ग कुंडी मत खटकाओ राजा में अपनी अदाओं से लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। मॉडर्न लव मुंबई में अपनी जबरदस्त एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने वाली चित्रांगदा जल्द ही एक इंडो-इटैलियन फिल्म में नजर आने वाली हैं। गौतम घोष की अगली इंडो-इटैलियन फिल्म से चित्रांगदा का फर्स्ट लुक सामने आया है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में इटली के दिग्गज अभिनेता मार्को लियोनार्डी के साथ चित्रांगदा स्क्रीन स्पेस शेयर करने वाली हैं। वैसे तो इस फिल्म की शूटिंग साल 2019 में ही शुरु हो गई थी, लेकिन कोविड की वजह से बाकि फिल्मों की तरफ इस फिल्म की शूटिंग को भी बीच में ही रोकना पड़ गया था। वहीं अब एक बार फिर फिल्म की टीम ने काम शुरु कर दिया है और इस फिल्म की शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा मुंबई और जबलपुर में शूट होगा। इस फिल्म से एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह का फर्स्ट लुक भी आउट हो चुका है जिसमें चित्रांगदा बिल्कुल ही सिंपल लग रही हैं। सामने आई फोटो में प्लेन ऑरेंज साड़ी और लाइट मेकअप में भी चित्रांगदा काफी खूबसूरत लग रही हैं। खबरों के मुताबिक फिल्म में चित्रांगदा सिंह अहम भूमिका निभा रही हैं लेकिन मेकर्स और एक्ट्रेस की तरफ से इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। फिल्म की कहानी गौतम घोष और जगन्नाथ गुहा ने लिखी हैं, साथ ही दो इटैलियन स्क्रिप्ट राइटर एमेडियो पगनीनी और सर्जियो स्कैपग्निनी ने भी स्क्रिप्ट पर काम किया हैं।

# काला चश्मा पहनकर नोरा ने दिखाई ऐसी कातिलाना अदाएं, देखने वाले नहीं हटा पा रहे नजर!

नोरा फतेही की एक झलक पाने के लिए कई लोग मर मिटने को तैयार हो जाते हैं. इतना ही नहीं नोरा के कई फैंस तो उनके पोस्ट का भी बेसब्री से इंतजार करते हैं. एक्ट्रेस और डांसर नोरा भी अपने चाहने वालों को ज्यादा इंतजार न करवाते हुए अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं।

इस फोटो में भी नोरा फतेही हमेशा की तरह ही काफी हॉट लग रही हैं. खास बात ये है कि नोरा ने इस आउटफिट के साथ एक काला चश्मा भी कैरी किया हुआ है. लोगों को एक्ट्रेस की एक झलक देखने के बाद ही उनका गाना हाय गर्मी याद आने लगता है. पहले आप भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही फोटोज को जरूर देखें। नोरा ने अपनी ये फोटोज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. अगर आउटफिट की बात की जाए तो नोरा फतेही ऑल ब्लैक लुक में नजर आ रही हैं। फुल स्लीव्ज स्टाइलिश टॉप और लॉन्ग स्कर्ट पर बारीक व्हाइट कलर का बॉर्डर काफी ज्यादा खिल रहा है. हाथ में मिनी पर्स और पैरों में बैली हील सैंडल पहनकर नोरा कॉन्फिडेंस हैं. लोगों को नोरा का ये लुक काफी ज्यादा पसंद आ रहा है। हमेशा की तरह ही नोरा का ये लुक भी सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है. कमेंट सेक्शन में लोग नोरा फतेही की खूबसूरती पर कसीदे पढ़ते नजर आए. कुछ लोगों ने फायर वाले इमोजी भेजे तो कुछ ने हार्ट वाले इमोजी पोस्ट किए।

CMYK